इस तरह के समाचार प्रकाशित हुए थे कि आफिशल लेवेल पर मथाई के मामले की जाच की जा रही है । मेरा निवेदन है कि यद्यपि श्री मथाई इतने बड़े व्यक्ति नही है जिन के सम्बन्ध मे यह सदन अपना अनमोल समय लगाये लेकिन इस प्रश्न में कुछ सिद्धात निहित हैं जिनका स्पष्टीकरण किया जाना चाहिये । श्री मथाई एक पब्लिक सर्वेंट थे और ऐसी जगह पर थे जहा से वे वह सरकार की नीति और उस नीति से सम्बन्धित व्यक्तियों को बड़ी मात्रा में प्रभावित कर सकते थे । उन्हे प्राइवेट ट्रस्ट बनाने की अनुमति दी गई । ऐसा क्यों किया गया ? इसके साथ ही उस प्राइवेट ट्रस्ट में एक मिनिस्टर महोदया भी शामिल थीं। गृह मंत्री श्री पन्त ने कल राज्य सभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह बताया है कि बहुत से मंत्री बहुत से ट्रस्टों में शामिल हैं और उन्होंने गाधी स्मारक निधि और इस जैसे अन्य ट्रस्टों के नामों का उल्लेख किया है । मेरा निवेदन है कि चेचम्मा ट्रस्ट को गाधी स्मारक ट्रस्ट की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है । यह एक प्राइवेट ट्रस्ट है । इस में केन्द्रीय सरकार की एक मिनिस्टर शामिल हुईं, क्या उन्हें इस की अनुमति दी गई और अगर दी गई तो किस आधार पर दी गई है और क्या सिद्धात की दृष्टि से यह ठीक है कि मिनिस्टर और पब्लिक सर्वेंट प्राइवेट ट्रस्टो मे शामिल हो ? इस प्राइवेट ट्रस्ट ने कौन साबैरिट या चैरिटेबल काम किया है ? अभी तक बताया गया है कि २५,००० रुपये किसी चैरिटी में खर्च किये गये हैं . . .

Shri Subiman Ghose (Burdwan): Charity begins at home.

श्री वाजपेयी . जब कि ट्रस्ट की सम्पत्ति दस लाख रुपये के ऊपर कूती गई है । इस बात की भी जाच होनी चाहिये कि ट्रस्ट को नम्बर ६, ३० जनवरी मार्ग पर बिडला महोदय ने जो ७,२५४ वर्ग गज जमीन उपहार में दी है, उसका वास्तविक मूल्य क्या है । बताया यह गया है कि ७५,००० रुपये मे वह जमीन दे दी गई है । आज दिल्ली में जो जमीन के भाव हैं और जिस भाव पर केन्द्रीय सरकार भी जमीन को बेच रही है, उस के अनुसार उस जमीन की कीमत सात या आठ लाख रुपये होती है । जमीन के अलावा जो उस में भवन बना हुआ है वह अलग है । आखिर ऐसा कौन सा चैरिटी का काम था जिस से प्रेरित हो कर बिडला महोदय ने इतनी बडी धनराशि की जमीन और सम्पत्ति चेचम्मा ट्रस्ट को दे दी ? इस बात की अदालती जाच की जानी चाहिये क्योंकि इस में व्यक्ति का प्रश्न नही, एक सिद्धान्त का प्रश्न है और भविष्य की दृष्टि से पब्लिक सर्वेंट और मिनिस्टर इस तरह के प्राइवेट ट्रस्टो में भाग लें, इसके सम्बन्ध में सरकार को अपनी नीति पर पुनर्विचार करना चाहिये । मै तो यहां तक कहने के लिए तैयार

[श्री वाजपेयी]

हूं कि यद्यपि गांधी स्मारक निधि अथवा कस्तूरबा ट्रस्ट जैसे ट्रस्टों के काम अलग हैं लेकिन उन में जो मंत्री सत्तारूढ़ हैं, वे अगर उन से अपने को अलग रखें तो कोई बहुत बड़ा नुकसान होने वाला नहीं है। उन में रहने से एक गलत परम्परा का श्रीगणेश होता है, अपने पद के दुरुपयोग करने की प्रवृत्ति बल पकड़ती है और फिर दूसरे लोगों को उस में से लाभ उठाने का लोभ पैदा होता है। मथाई के मामले से अगर हम इस प्रकार का एक निर्णय ले सकें तो मैं समझता हूं कि वह सही दिशा में निर्णय होगा।

सभापति महोदय, दूसरी बात जो मैं ने कही कि मैं कहना चाहता हूं वह अनाज के दामों के बारे में है। अनाज के दाम बढ़ रहे हैं। अभी रेलवे उपमंत्री महोदय ने कहा है कि अनाज के दाम घट रहे हैं। मैं उन से पूछना चाहता हूं कि किस अनुपात में गिर रहे हैं।

श्री शाहनवाज खां : पैडी १० रुपये मन मध्य प्रदेश में बिक रही है।

श्री वाजपेयी : मध्य प्रदेश की बात मत करिये। आप दिल्ली में बैठे हैं जो कि केन्द्रीय सरकार की नाक के नीचे है, वहां अनाज के क्या भाव है?

गेहूं डेढ़ सेर रुपये का मिल रहा है। अरहर की दाल का भाव रुपये में एक सेर का है।

श्री राधे लाल व्यास (उज्जैन) फेयर प्राइस शाप पर सस्ता बिक रहा है।

श्री वाजपेयी : फेयर प्राइस शाप पर दाल नहीं मिलती है।

श्री राधे लाल व्यास : गेहूं तो मिलता है।

श्री वाजपेयी : राज्य सभा में सरकार से एक प्रश्न पूछा गया कि भाव क्यों बढ़े हैं और उसके उत्तर में हमारे खाद्य मंत्री महोदय ने कहा और प्रधान मंत्री महोदय ने कहा है कि मुनाफाखोरों और जखीरेबाजों के कारण ये भाव बढ़े हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सदन ने जो सरकार ने मुनाफाखोरों और संग्रहकर्ताओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिकार चाहे, वे अधिकार नहीं दिये। अगर दिये, तो अब सरकार किस मुंह से आ कर कहती है कि भाव उन के कारण बढ़ गये? आपने उन पर रोक क्यों नहीं लगाई? ऐसेंशल कमोडिटीज एक्ट है, नजरबन्दी कानून है और जो समाज विरोधी कार्रवाई करते हैं उन के विरुद्ध आप आगे बढ़िये, यह सदन आपका पूरा समर्थन करेगा, आपको पूरा सहयोग प्रदान करेगा। केवल व्यापारियों पर और संग्रहकर्ताओं पर जिम्मेदारी डाल कर सरकार अपने दायित्व से बच नहीं सकती है।

इस सदन में सरकार ने अनाज के थोक व्यापार के राष्ट्रीयकरण का जो फैसला किया है, उस के बारे में भी चर्चा हुई है। मैं समझता हूं कि सरकार ने भली प्रकार सोच विचार कर के यह निर्णय ले लिया। अनाज के थोक व्यापार का सरकारीकरण करने के लिए जो फाइनेंसिस चाहियें, जो एडमिनिस्ट्रेटिव मशीनरी चाहिये और अनाज का संग्रह करने के लिये जिस तरह के गोदाम चाहियें, वे सरकार के पास नहीं हैं और मैं मानता हूं कि वे एक दिन में सरकार पैदा नहीं कर सकती है। जब ऐसी बात है तो फिर अनाज के थोक व्यापार के सरकारीकरण का फैसला क्यों किया गया है और अगर फैसला किया ही गया तो उसकी घोषणा क्यों नहीं रोक दी गई? नवम्बर में घोषणा कर दी गई कि थोक व्यापार का सरकारीकरण किया जाएगा। मगर अभी तक प्लानिंग कमीशन का और फूड मिनिस्ट्री का वर्किंग ग्रुप उसकी डिटेल्स ही तय नहीं कर सका है। क्यों नहीं कर सका है, और अगर उस में कुछ कठिनाइयां हैं तो यह घोषणा करने की इतनी जल्दी नहीं थी। और हमारे प्रधान मंत्री ने एक जिहाद भी शुरू कर दिया और उत्तर प्रदेश के खाद्य मंत्री कहते हैं कि क्योंकि सरकार ने थोक व्यापार के राष्ट्रीयकरण का फैसला

किया है, इसलिए अनाज के व्यापारियों ने गल्ला दबा लिया और उस पर बैठ गये। अब इस स्थिति में हमारी सरकार क्या कर रही है? वे गल्ला दबा कर बैठे हैं और हमारी सरकार हाथ पर हाथ रख कर बैठी है? और इस स्थिति में जो उपभोक्ता है और अनाज के उत्पादक हैं, उन दोनो पर सकट आया हुआ है। मेरा निवेदन है कि सरकार अनाज सम्बन्धी अपनी नीति के सम्बन्ध मे पुनर्विचार करे।

इस सदन में मै ने यह माग की थी कि जो खाद्य के भिन्न भिन्न क्षेत्र बनाये गये है उन के पुनर्गठन के सम्बन्ध में विचार होना चाहिये। मगर खाद्य मत्री ने कहा है कि इसकी कोई आवश्यकता नही है और लोक सभा की बैठक होने से दो दिन पहले जो बम्बई, राजस्थान और मध्य प्रदेश को मिलाकर एक खाद्य क्षेत्र बनाया गया था, उसको तोड दिया गया। जो तोडा गया, मै समझता हू वह ठीक किया गया। लेकिन अभी और भी ऐसे क्षेत्र हैं जिन का पुनर्गठन किया जाना चाहिये। अगर खाद्य मत्रालय उचित समय पर सही नीति अपनाता तो यह सकट पैदा न होने पाता। दिल्ली मे अनाज के भाव क्यो बढे? दिल्ली में सस्ते गल्ले की सरकारी दुकाने चलती थी। मगर उन्हे बन्द कर दिया गया। एक अल्पकालिक प्रश्न इस के बारे मे पूछा गया तो मत्री महोदय ने कहा कि इनकी आवश्यकता नही है। दो महीने बाद इस की आवश्यकता प्रकट हो गई थी जब गेहू के भाव ३२ रु० मन तक बढ गये। इस बात की जाच की जानी चाहिये कि भारत की राजधानी मे अन्न के भावो के लिये कौन उत्तरदायी है। सस्ते गल्ले की सरकारी दूकाने क्यो बन्द हो गई। मुझे ऐसा लगता है कि सरकार की कोई नीति नही है और अब सरकार खाद्य के मोर्चे पर अपनी असफलता को छिपाने के लिये दो नारे लगा रही है। मै उन को नारा ही कहता हू। वे सचालित नीति के परिणाम नही हैं। एक नारा है अनाज के व्यापार का सरकारीकरण और दूसरा नारा है सहकारी खेती। कुछ सदस्यो ने कहा है कि नागपुर प्रस्तावो से क्राति हो जायेगी। मैं ने तो कभी इतिहास में नही पढा कि प्रस्तावों से क्राति हुआ करती है। क्राति प्रस्तावो से नहीं होगी, अनाज के भावो को बढने से रोकने में जो सरकार की असफलता है और उस से पैदा होने वाली जो भूख है उससे क्राति हो सकती है। आप ने जो यह कोआपरेटिव फार्मिंग का निर्णय किया है, मै जानना चाहता हू कि उस का उद्देश्य क्या है। क्या आप इस से उत्पादन बढायेंगे? और क्या जिन के पास आज जमीन नही है उन को आप जमीन देंगे? अगर हम उत्पादन की दृष्टि से विचार करे तो हमें स्वीकार करना पडेगा कि जब हमारी कृषि व्यवस्था बदल जायेगी और कोआपरेटिव फार्मिंग शुरू की जायेगी, तो पहले दो तीन सालो मे एक अस्तव्यस्तता उत्पन्न होगी, जिस मे उत्पादन घटेगा। बाद में जो जाकर वह बढेगा या नही यह कोई निश्चयपूर्वक नही कह सकता। यहा पर दूसरे देशो के उदाहरण दिये जाते है। मै मानता हू कि अन्य देशो में अन्य परिस्थितियो में सहकारी खेती सफल हो सकती है। अगर हम भी लोकतत्र का रास्ता छोड दे और आतकवाद को अपनाये, विरोधी दल समाप्त कर दे, विचारो की स्वतत्रता पर प्रतिबन्ध लगा दे, तो हमारे यहा भी शायद कोआपरेटिव फार्मिंग सफल हो जाय। अगर वह सफल होगी तो लोक तत्र की कीमत पर सफल होगी। यह एक दूसरा रास्ता है। अभी यहा इजराइल के कुछ पार्लियामेंट के मेम्बर आये थे। उन्होंने बताया कि इजराइल मे कोआपरेटिव फार्मिंग सफल हो गई है। लेकिन मेरा निवेदन है कि इजराइल और भारत की परिस्थितिया अलग है। इजराइल मे तो उन्होने नई समानता लाना शुरू किया। वहा किसानो के पास परम्परा से, पूर्वजो से प्राप्त जमीन और जमीन के साथ उत्पन्न होने वाला प्रेम इजराइल सरकार के मार्ग मे आडे नही आया। भारत की परिस्थिति उससे अलग है और दूसरा सब से बडा कारण यह है कि इजराइल सरकार अपने देश की जनता का विश्वास प्राप्त कर सकी है। नये इजराइल के निर्माण के लिये

[श्री वाजपेयी]

एक नई निष्ठा पैदा कर सकी है। क्या कांग्रेस सरकार पिछले ११ वर्षों में यह निष्ठा पैदा कर सकी है, वह उन प्रवृत्तियों को जगा सकी है जो देश की जनता में एक नये तन्त्र का निर्माण कर सकती है। नागपुर कांग्रेस मे प्रस्ताव पास हुआ, कई गाव मे जुलूस निकले, कई लोगो ने खुशियां मनाई कि एक नई क्राति आ रही है। लेकिन क्या भारत में कही क्राति हो रही है? क्राति ऊपर से नही आती। गावो में क्राति लाने का जो हमारा आज साधन है हमें उस पर विचार करना चाहिये। हमारे प्रधान मत्री स्वप्नदर्शी है, वह सपने देखते हैं। उन की आखो में उज्ज्वल और महान् भारत के बडे गौरवपूर्ण सपने हैं। मगर सपनो को स कार करने के लिये जो सामग्री चाहिये, जो साधन चाहिये, जो कुशल कारीगर चाहिये, जो लगन चाहिये, जो निष्ठा चाहिये, उस का हमारे यहा अभाव है। सरकार में भी अभाव है और जो पार्टी सरकार को चला रही है उस में भी अभाव है। मेरा निवेदन है कि ऐसी परिस्थिति में कोआपरेटिव फार्मिंग सफल नही होगी। यह कहना कि हम किसानो को जबर्दस्ती शामिल होने क लिये नही कहेगे, यह या तो अपने को धोखा देना है या किसानो को धोखा देना है। अगर आप जबर्दस्ती नही करेगे तो किसान शामिल नही होगे। मैं जानता हू कि आप सीधे सीधे जबर्दस्ती नही करेगे, किसान कोआपरेटिव फार्मिंग में शामिल नही होगे तो आप उस को कर्जा नही देग उसे बीज नही देंगे, पानी की सुविधा नही देग। दिखाने के लिये उस के साथ जबर्दस्ती नही होगी लेकिन उस को झख मार कर कोआपरेटिव सोसायटी मे आना होगा। मिल कर खेती, यह एक बडा खतरनाक प्रयोग है और मेरा निवेदन है है कि देश की खाद्य स्थिति ऐसी नहीं है जिस के साथ प्रयोग किये जा सके। आवश्यकता इस बात की है कि हमारी जो आज तक की परम्परा से चली आई परिस्थिति है और जो नया परिवर्तन हम चाहते है, उन के साथ सगति हो सके। लेकिन मैं यहा पर एक बात स्पष्ट कर दू कि मै लैंड सीलिंग के पक्ष में हूं। भूमि की अधिकतम सीमा निर्धारित होनी चाहिये, लेकिन कोआपरेटिव फार्मिंग नही होनी चाहिये। सुन ने में ही यह बातें परस्पर विरोधी दिखाई देती है।

एक माननीय सदस्य : आधा हां और आधा नही।

श्री वाजपेयी मगर मेरा निवेदन यह है कि जिन कारणो से मैं लैंड सीलिंग का समर्थन कर रहा हू उन्ही कारणो से मैं कोआपरेटिव फार्मिंग का विरोधी हू। हमारे देश में जमीन कम है, आदमी ज्यादा है और अगर हमे खाद्य का उत्पादन बढ़ाना है तो कम से कम जमीन मे ज्यादा से ज्यादा पैदा करना चाहिये, घनी खेती करनी चाहिये। मगर कोआपरेटिव फार्मिंग में खेत बडे होते जायेगे और उन पर किसानों का काम करना उतना ही कम होता जायेगा। घनी खेती के लिये आवश्यक है कि फैमिली फार्मिंग हो चूकि आदमी ज्यादा है इस लिये हम को यत्रीकरण का आश्रय नही लेना चाहिये। अगर हम कृषि का मेकेनाइजेशन करेगे तो हमारे यहा बेकारी बढेगी और उन बेकारो को हम कहा तक काम पर लगायेगे? क्योकि जो उद्योग धधे हम विकसित करना चाहते है वे विकसित नही हो रहे है।

मै इस बात से सहमत हू कि हम कोआपरेटिव्ज का डेवेलप करे, लेकिन वह बीज के लिये, खाद के लिये, कर्जे के लिये, जमीनो को एक साथ मिलाने और किसानो से जमीन को लेने के लिये नही क्योकि इस तरह पर किसानो के ऊपर कोई अमर होने वाला नही है।

एक माननीय सदस्य सर्विस कोआपरेटिव्ज के बारे में रेजोल्यूशन हुआ है नागपुर में।

श्री वाजपेयी : वह तो हुआ है लेकिन उस से तीन साल तक तो कुछ नहीं होगा । इस लिये मेरा निवेदन है कि सरकार इस सम्बन्ध में और विचार करे ।

एक बात हमारी कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता श्री डांगे ने नही कही । उन्होने प्रधान मंत्री की प्रशसा की, मगर उन के साथियो की आलोचना की और कहा कि प्रधान मन्त्री की नीति तो सही है मगर उन के साथी उन की नीति का सैवाटेज करते है, गडबड करते है । मैं समझता हू कि यह ऊचे दर्जे की राजनीति नही है । अपने साथियो का चयन प्रधान मत्री ने किया है । लेकिन अगर सभी प्रान्तो मे लैड सीलिंग में देर हो रही है तो क्या हम उस की जिम्मेदारी से प्रधान मत्री को अलग कर सकते है । यह हमारे कम्यूनिस्टो की रणनीति है, स्ट्रेटेजी है कि प्रधान मत्री की तो प्रशसा करेगे और उनके साथियो को भला बुरा कहेंगे । मैं समझता हू कि जो भी नीति निर्धारित होती है वह सयुक्त जिम्मेदारी के आधार पर होती है । जब वह ज्वायेंट रिस्पासिबिलिटी के आधार पर होती है तो उस में से हम किसी को अलग नही कर सकते । अगर मैं प्रधान मत्री से कहू कि वह अपने इस प्रकार के प्रशसको से सावधान रहें तो यह छोटे मुह बडी बात होगी । लेकिन इस प्रकार के प्रयत्न सफल नही होने दिये जाने चाहियें यह प्रार्थना जरूर करता हू ।

अत में मुझे एक बात और कहनी है । इस सदन मे अनेक सदस्यो न कश्मीर की आन्तरिक स्थिति की चर्चा की है । जो कश्मीर के प्रतिनिधि यहा आये है उन मे से दो ने इस के बारे में कहा है । अगर वह जम्मू कश्मीर की जनता के सीधे प्रतिनिधि होते तो उन की वाणी में अधिक बल होता । मगर हमारे देश का दुर्भाग्य है और यह दुर्भाग्य है कि जम्मू कश्मीर के प्रतिनिधि ससद् मे चुनाव द्वारा नही चुने जाते, असेम्बली द्वारा चुने जाते है ।

श्री अन्सार हरवानी (फतेहपुर) : असेम्बली भी तो जनता द्वारा चुनी जाती है ।

श्री वाजपेयी . मगर हमारी तरह से और आप की तरह से वह भी सीधे चुन कर आ सकते है । क्या कारण है कि उन का डाइरेक्ट एलेक्शन नही होता । कश्मीर की ऐसी कौन सी विशेष परिस्थिति है। भारतीय सविधान में जब धारा ३७० सम्मिलित की गई थी उस समय श्री गोपालस्वामी आयगर ने सविधान सभा मे यह आश्वासन दिया था कि यह धारा अस्थायी है और शीघ्र ही उस को सविधान में से निकाल दिया जायगा । अब उस धारा का आश्रय लिया जाता है, कहा जाता है कि काश्मीर मे विशेष परिस्थिति है । हमारा चुनाव आयोग सूडान में चुनाव कराने के लिए जा सकता है किन्तु काश्मीर में नही जा सकता । क्यो नही जा सकता जब कि काश्मीर वैसा ही है जैसा कि बम्बई, मद्रास या बगाल ? हमारे सुरक्षा मत्री श्री कृष्ण मैनन और काश्मीर के मुख्य मत्री, मैं उन्हे काश्मीर का प्रधान मत्री नही कह सकता क्योकि देश मे एक ही प्रधानमत्री हो सकता है दो नही, कहते है कि काश्मीर तो वैसे ही मिल गया है जैसे कि बम्बई । अगर ऐसा है तो मै जानना चाहता हू कि हमारा चुनाव आयोग काश्मीर मे क्यो नही जा सकता, भारत के सर्वोच्च न्यायालय को काश्मीर में वह अधिकार क्यो प्राप्त नही है जो कि भारत के अन्य राज्यो मे प्राप्त है ।

अभी काश्मीर के टाउन एरिया कमेटियो के चुनावो मे गडबडिया हुई, धाधलिया हुई । पर का मीर के प्रतिनिधि ने कहा कि धाधली नही हुई । लेकिन मै पूछता हू कि अगर धाधली नही हुई तो बख्शी सरकार ने उनकी जाच के लिए एक मजिस्ट्रेट को क्यो नियुक्त किया । जब मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया तो इसका मतलब है कि धाधलिया हुई और ये धाधलिया तब तक होती रहेगी जब तक की काश्मीर और शेष भारत के बीच भेद बनाये रखा जायेगा। जम्मू काश्मीर का भारत के साथ पूरी तरह सम्बन्ध होना चाहिये। धारा ३७० को भी सविधान से निकाल देना चाहिये और जम्मू काश्मीर की जनता के मन में भारत के विरोधियो को यह

[श्री वाजपेयी]

भाव भेद पैदा करने का मौका नही देना चाहिए कि काश्मीर का भाग्य अधर में लटक रहा है।

Mr. Chairman: The hon Member's time is up. When I ring the bell, the hon. Member should look at the Chair. I would request the hon. Member to conclude.

Shri Vajpayee: I shall conclude within two minutes.

एक बात इस सम्बन्ध में मै स्पष्ट कर दू। जब हम बख्शी सरकार की आलोचना करते है तो पाकिस्तान के अखबार और पाकिस्तान का रेडियो उसे बहुत उछालते है। लेकिन मै पाकिस्तान से कहना चाहता हूं कि बख्शी सरकार से जो हमारे मतभेद है वे घरेलू मतभेद है, आन्तरिक मत भेद है। लेकिन जहा तक जम्मू काश्मीर को भारत में मिलाने का सवाल है या जैसा कि कल काश्मीर की महिला प्रतिनिधि ने कहा काश्मीर का जो तिहाई हिस्सा पाकिस्तान के पास है उसको पाकिस्तान से छुड़ाने का सवाल है, उस में हमारा कोई मतभेद नही है, देश मे जितने भी राजनीतिक दल है, चाहे नेशनल कान्फ्रेस हो, चाहे प्रजा सोशलिस्ट पार्टी हो, चाहे काग्रेस पार्टी हो, चाहे जनसघ हो, सब इस बारे मे एक मत है और इस बारे मे आपस मे कोई मत भेद नही है। इस बारे मे पाकिस्तान को किसी मुगालते मे नही रहना चाहिए क्योकि इस बारे में हम सब एक है। हमारे आपस म मतभेद हो सकते है और उनको दूर करने का हम प्रयत्न करेंगे और हम आशा करते है कि हमारी सरकार भी काश्मीर के मामले मे हस्तक्षेप करेगी और बख्शी सरकार भी समय रहते चेतेगी।

इन शब्दो के साथ मे आपको धन्यवाद देता हू।

श्री चुन्नी लाल—(अम्बाला—रक्षित-अनुसूचित जातियां) सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव चल रहा है उसका मै समर्थन करता हूं और राष्ट्रपति जी को बधाई देता हूं कि उन्होंने जो अपना अभिभाषण दिया है वह देश को प्रोत्साहन देने वाला है और उस से बड़ी आशायें झलकती है।

13 30 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair.*]

देश मे जो तरक्की के काम हुए है उस अभिभाषण मे उनका जिक्र किया गया है और उस से देश वासियों को पता चल गया है कि देश भविष्य में बहुत तरक्की के रास्ते पर पहुंच जायेगा और जो देश की बहुत सी समस्यायें है वे सुलझ सकेगी।

प्रस्ताव पर कई प्रकार की बातो का जिक्र हुआ। सब से ज्यादा जिस बात का जिक्र हुआ वह फुड प्राबलम है। मै इस सम्बन्ध मे अर्ज करना चाहता हू कि हकीकत यह है कि देश की फिजा कुछ खराब की गयी। कुछ उलटे सीधे प्रोपेगेंडे किये गये जिस के कारण जो लोग थोडा थोडा खरीदते थे सब ने अपनी ताकत के अनुसार ज्यादा से ज्यादा खरीद खरीद कर अपने घर मे अनाज को भरा, इसके अलावा जो बडे बडे जमीदार थ जिन के पास अनाज था और जो बडे बडे डीलर थे जिन के पास अनाज था, उन्होने मुनाफाखोरी की खातिर उसको अपने पास रखा। जब कोई फिजा खराब हो जाती है तो इस प्रकार की स्थिति का आ जाना एक लाजमी बात होती है। उसको हल करने वाली बात बहुत कम हो रही है। मै यह समझता हू कि फुड के बारे मे जो एजीटेशन चल रहा है उस से यह स्थिति हल होने वाली नही है। यह तो सिर्फ प्रोपेगेंडे के लिए एक ढग निकाला हुआ है।

इस सिलसिले मे मै यह अर्ज करना चाहता हूं कि देश में बहुत सारे ऐसे लोग है जिन के पास अनाज है और सरकार को चाहिए कि उस अनाज को प्राप्त करके जनता के सामने

जाये ताकि यह जो अनाज की स्थिति है वह ठीक हो सके ।

उपाध्यक्ष महोदय, शहर की जो स्थिति है उस में तो यह है कि अनाज किसी प्रकार से लिया जा सकता है, लेकिन इस वक्त देहातो में जो हाल त हैं वे बहुत ही निराशाजनक हैं । देहात में जो मजदूर और गरीब लोग हैं उनको अनाज नही मिल पाता । गावो के जमीदारो ने अनाज बेचना या देना बन्द कर दिया है और वे गरीब लोग बडी मुश्किल में हैं । उनकी तरफ खास तौर से सरकार का ध्यान जाना चाहिए ताकि उनके पास भी अनाज पहुच सके ।

इसके साथ साथ ही ज। अनाज की पैदावार मे कमी है उसके कई कारण है । हमारी सरकार काफी अरसे से लैंड रिफार्म की बात कहती आ रही है । लेकिन इस दिशा में अभी तक कुछ नही किया गया है, सिर्फ कागजी कार्रवाई ही हुई है। लैंड सीलिंग की बात भी सरकार काफी अरसे मे कह रही है, लेकिन लैंड सीलिंग भी अभी तक नही हो पायी है । सब लोग आज इस बात को मानते है कि लेड सीलिंग होना जरूरी है और यह देश के हित के लिए है, लेकिन फिर भी वह बात इस तरह से चलती है कि कोई प्रगति नही हो रही है । सरकार के इस बारे मे ढिलमिल इरादे है । मै यह दरख्वास्त करना चाहता हू कि जो भी कोई बात सोची जाय उस पर अमली तौर से और मजबूत इरादे से काम किया जाये ।

दूसरे बहुत सारी वेस्ट लैंड पडी है । मै समझता हू कि देश की पैदावार बढाने के लिए. यह बहुत आवश्यक है कि उस जमीन को जो भूमिहीन खेतिहर है उन मे जल्दी से जल्दी वितरित कर दिया जाये ताकि वे देश की पैदावार बढा सकें ।

इसके अलावा ज्वाइंट कल्टीवेशन की बात हमारे सामने है । मै समझता हूं कि वह एक अच्छा सुझाव है । उस से हमारी पैदावार पर एक अच्छा असर पडेगा । उस से हमको लाभ होगा । हमारे सारे किसान मिल करके खेती कर सकेगे । और उनकी लागत कम आयेगी । तो हमे इस मसले में भी सफलता प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिये ।

दूसरी बात करप्शन की है । यहा पर उसकी काफी चर्चा चलती है और यह कहा जा सकता है कि करप्शन काफी है । मै भी इस बात को मानता हू कि करप्शन की कमी नही है । आज चारो तरफ करप्शन ही करप्शन नजर आता है । गैर पैसे के, बगैर रिश्वत के काम नही होता । जो जहा बैठा हुआ है वह वहा पर पैसा बनाने में लगा हुआ है । इस सिलसिले मे मै यह अर्ज करना चाहता हू कि इसका इलाज यह है कि इनकम पर सीलिंग लगा दी जाए । आज सब तरफ पैसा कमाने और मुनाफाखोरी की तरफ जो दौड-धप हो रही है और लोग नाजायज तरीके से रुपया कमाने की कोशिश कर रहे है, जिसकी वजह से इस देश का नैतिक चरित्र गिर रहा है, वे सब बुरी प्रवृतिया इनकम पर सीलिंग लगाने से दूर हो सकती है । आज देश मे यह धारणा पैदा हो गई है कि पैसा ही सब कुछ है, पैसा ही इज्जत है । इस धारणा को दूर करने के लिए यह निहायत जरूरी है कि इनकम पर सीलिंग लगा दी जाए ।

राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में एक बात का जिक्र नही हुआ, जिस की तरफ मै सदन का ध्यान दिलाना चाहता हू और वह यह है कि आज इस देश मे करोडो की तादाद मे ऐसे लोग बसते है, जिन की हालत अच्छी नही कही जा सकती है, जो सामाजिक और राजनैतिक तौर पर अभी भी बहुत दबे हुए है और जिन की माली हालत तो बहुत ही खराब है । खाने की बात तो अलग रही, उन को बहुत से गावो में पीने के लिए साफ-सुथरा पानी भी नही मिल पाता है । यही नहीं, कास्टिज्म का जहर

[श्री चुनी लाल]

इतना फैल गया है कि लोगों को वहां पर काम भी नहीं मिल पाता है और रोज़ाना उन पर जुल्म और ज्यादतियां देखने को आती हैं। अब लोगों की दशा अभी तक सुधर नहीं पाई है, हालां कि हमारी सरकार ने उन को बहुत सी सहूलियतें दी है। भारत के करोड़ों लोग अभी तक इस मुसीबत के शिकार है। मैं समझता हूं कि जिस तरीके से डिस्प्लेस्ड लोगों के लिये कार्य किया गया है, जब तक इन लोगों के लिए भी उसी तरीके से कार्य नहीं किया जायगा, तब तक वे उन्नति नहीं कर सकेंगे।

जितने कामन वेल्थ हैं, हरिजन अभी भी उनका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। कामन वैल्थ तो सिर्फ़ नाम के लिए हैं। इस मामले में दुगना खर्च हो रहा है। उन के लिए अलग कूएं बनते हैं। जो हरिजनों की अलग अलग जातियां हैं, उन के लिए भी अलग अलग कूएं हैं। इस से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि किस तरह से हमारे देश में भेद-भाव की भावना बढ़ती जा रही है। पहले लोग यह सोचते थे कि हरिजनों को अलग कर दिया जाए और उन के लिए कुछ सहूलियतें मुकर्रर कर दी जायें, ताकि वे कुछ फ़ायदा उठा सकें, लेकिन मुझे यह कहने में अफसोस होता है कि उन में भी बड़ा भारी मत भेद है और उन में सत्ताधारी जाती दूसरों को उसी दृष्टि से देखती है, जिस प्रकार कि पहले दूसरी सवर्ण जातियां उन को देखती रही है। यह स्पष्ट है कि जात-पांत—कास्टिज्म—देश के लिए हितकारी नहीं है, इस लिए उस का खण्डन होना चाहिए और जात-पांत अब ज्यादा देर तक नहीं चलनी चाहिए, ताकि देश को एकता की लड़ी में पिरोया जा सके। आज जात-पांत बड़ी तेजी से बढ़ रही है। इस को बहुत जल्दी खत्म किया जाना चाहिए, ताकि हमारे आपसी मत-भेद खत्म हो सकें और यहां पर एक राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

समाजवाद की भी चर्चा की जाती है और हमारी सरकार ने तृतीय पंच-वर्षीय योजना में यह लक्ष्य स्वीकार किया है कि इस देश में समाजवाद लाना है। यह समझ में नहीं आता कि इस ओर हम कितना आगे बढ़ सके हैं और हम ने कितना रास्ता तय किया है। समाजवाद का ज़िक्र काफ़ी अर्से से किया जा रहा है, लेकिन मेरा ख्याल है कि उस तरफ़ हमारा कदम बहुत ही कम उठा है और समाजवाद को लाने की तरफ़ हम कोई मज़बूत कदम नहीं उठा सके हैं, जिस से हम सोच सकें की वास्तव में समाजवाद जल्द आने वाला है। तृतीय पंच-वर्षीय योजना में यह ज़िक्र किया गया है कि समाजवाद लाने के लिए सरकार असमानता *की दूर करने का प्रयत्न करे, लेकिन साथ* हम देखते हैं कि अमीर लोग सब तरफ़ छाए हुए हैं। उन की अमीरी को कम करने का तरीका यही है कि इनकम पर सीलिंग लगा दी जाए।

आखिर में मैं अन-एम्पलायमेंट का ज़िक्र करना चाहता हूं। यहां पर आम तौर पर ज़िक्र उन लोगों की अन-एम्पलायमेंट का होता है, जो कि शहरों में रहते हैं, जो पढ़े लिखे हैं और जिन के नाम एम्पलायमेंट एक्सचेंज में दर्ज होते हैं। असल बात यह है कि ऐसे लोगों की एक बहुत बड़ी तादाद देहात में रहती है, जिन को काम नहीं मिलता है। उन की समस्या बड़ी जटिल है। उन लोगों की तरफ़ बहुत कम लोगों का ध्यान जाता है। उन को रोटी तक नसीब नहीं होती है। अगर ऐसे लोगों की तरफ़ हमारी सरकार का ध्यान न जाएगा, तो आप समझ सकते हैं कि उन का क्या हाल हो सकता है। मैं सरकार से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि आज जो करोड़ों की तादाद में बेकार लोग देहात में रह रहे हैं, जो कि एम्पलायमेंट एक्सचेंज में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाते, उनका खास ध्यान रखा जाए। अगर उन बेकार लोगों की कोई यूनियन बन जाए, तो उस को सम्भालना बहुत मुश्किल हो जायगा। इस लिए उनकी बेकारी का खास तौर पर ध्यान रखा जाए।

इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रपति जी का धन्यवाद करता हूं ।

श्री अचिंत राम (पटियाला): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप का धन्यवाद करता हूं कि आप ने मुझे मौका दिया । इस के साथ ही मैं सब को बधाई देता हूं कि आज हम इस सदन में प्रैजिडेंट के एड्रेस पर चर्चा कर रहे हैं--—यहां पर हक में बोलने वाले भी हैं और खिलाफ़ बोलने वाले भी हैं । इस सिलसिले में मैं सोचता हूं कि क्या पाकिस्तान में ऐसा हो रहा है कि प्रैजिडेंट का एड्रेस पढ़ा जाय और तमाम लोग उस पर बहस करें, और क्या मिस्र, सूडान और दुनिया के और बहुत से हिस्सों में ऐसा हो रहा है, तो मुझे इसका जवाब नफी में मिलता है । मैं पंडित जवाहरलाल नेहरू को भी धन्यवाद देता हूं कि उन की हस्ती की वजह से यहां पर ऐसे हालात हैं कि हम सब अपने इख्तिलाफात जाहिर कर रहे हैं । यही नहीं, बल्कि जिन की वजह से हम ऐसा कर सकते हैं, हम उन पर भी हमला कर सकते हैं । यह बड़ी खुशी की बात है और मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूं कि उस ने हिन्दुस्तान में ऐसे हालात पैदा किए ।

कुछ स्पीचिज को सुन कर मुझे ऐसा मालूम हुआ कि शायद कुछ लोग ग़लतफ़हमी में हैं । वे कहते हैं कि यहां पर सिचुएशन सीरियस नहीं है । कांग्रेस बैंचिज से यह बात कही गई । मैं इस के बारे में अपनी तुच्छ राय प्रकट करना चाहता हूं कि इंडिपेंडेंस के बाद कभी सिचुएशन ऐसी सीरियस नहीं हुई, जितनी कि अब है । यह मेरी आजादाना राय है पहले शहरों में स्ट्राइक्स, हड़तालें और जलूस वगैरह होते थे, लेकिन आज गांवों का दबा हुआ आदमी भी, जो कि और दब रहा है, रोता है । वह बंधा हुआ है और उस के लिए कोई रास्ता नहीं है । खाने के लिए उस के पास कुछ नहीं है । वह तबाह हो रहा है । पंजाब पहले एक सरप्लस सूबा था, लेकिन आज वहां गेहूं दस या पंद्रह रुपये मन नहीं, बल्कि पच्चीस, तीस और पैंतीस रुपये मन के हिसाब से बिक रहा है । इस लिए सिचुएशन बहुत ही सीरियस है । कांग्रेस के--गवर्नमेंट के आदमी कहते हैं कि यह मामूली बात है, सिचुएशन इतनी सीरियस नहीं है । मेरी राय यह है कि वे बिल्कुल ग़लत-फ़हमी में हैं । मुझे हैरानी होती है जब मैं देखता हूं कि आज आटे के लिए क्यू लगी होती है । एक आदमी जोकि तीन रुपये, ढाई रुपये और दो रुपये रोज के कमाता है वह अपनी सारी दिहाड़ी को खराब करके दस सेर आटा ही खरीद पाता है । कितनी मुसीबत उस पर आती है या कितनी मुसीबत का सामना उसे इस तरह से करना पड़ता है, इसका अंदाजा आप आसानी से ही लगा सकते हैं । तीन रुपये गुम करके वह दस सेर आटा लाता है । दस सेर आटा लेने का वह तीन रुपये आप टैक्स समझ सकते हैं ।

आप यह कहते हैं कि गांव वाले और बाहर के जो स्टाकिस्ट हैं वे अपना स्टाक सरेंडर कर दें । वे लोग कहते हैं कि स्टाक है ही कहां जो हम सरेंडर करें । आन दी फेस आफ इट यह कितनी गलत बात है । कल मैं पटियाला में था । वहां अनाज २४ रुपये और २५ रुपये मन बिक रहा था । मैं पूछना चाहता हूं कि अगर स्टाक नहीं है तो यह अनाज आ कहां से रहा है और कैसे यह बिक रहा है ? एक आदमी ने मुझे कहा कि यह स्टाक एक दिन में निकल कर बाहर आ सकता है । उसने कहा कि जितने भी पाडी हैं, जितने भी गेहूं को ढोते हैं, उनको एक दिन इकट्ठा आप कर दें और उनसे पूछें कि स्टाक कहां है और वे आपको सब कुछ बता देंगे और जितना भी स्टाक है वह दस मिनट के अंदर बाहर निकल आयेगा । लाखों मन गेहूं इस तरह से खुले बाजार में बिक रहा है और वे लोग कहते हैं कि स्टाक नहीं है । अगर स्टाक नहीं है तो कहां से यह गेहूं आता है । इस वास्ते मैं कहना चाहता हूं कि यह गलत बात है अगर यह कहा जाये कि गन्दम नहीं

[श्री अर्जुन राम]

है । मेरी नाकिस राय यह है और लोग भी यह समझते है कि इट इज नाट ओनली ए फैमिन आफ फूड बट इट इज ए फैमिन आफ फोरसाइट एंड ए फैमिन आफ फेथ इन दी गवर्नमेंट ।

It is not only a famine of food, but it is a famine of foresight, and a famine of faith in the Government.

आज आपने डिपू खोले है । मै पूछना चाहता हू कि इनको छ. महीने पहले क्यों नही खोला गया ? आज आपने इनको क्यो खोला है और क्यों इसकी आज ही आपको सोच आई है ? यह किसी से गिला करने की बात नही है । हमारे जैन साहब रिहैबिलिटेशन के मिनिस्टर भी रह चुके है और मेरा उनसे वास्ता पडा है और मैंने उनसे मुखालिफ राय भी रखी है, लेकिन इतना होने पर भी मैंने उनकी हमेशा प्रशसा की है । लेकिन आज दुनिया का यह आम खयाल है कि फूड मिनिस्ट्री हैज फेल्ड, फेल्ड, एंड फेल्ड । लेकिन इस बात को कोई सुनता ही नही है । मै तो कहूगा कि सारी पालिसी जा चल रही है वह इसी तरह से चल रही है । पहले क्यो नही इन सब बातो को सोचा गया था और क्या इस तरफ आज ही आपका ध्यान आया है ? मै अर्ज करना चाहता हू कि आप गलतफहमी मे न रहे और जो मरे हुए आदमी आज है और जिनके दाये बाये कोई दोस्त नही है, वे भी एक दिन उठ सकते है, वे भी फूट पड सकते है और बहुत बुरी हालत में पागल हो सकते हैं । यह तो मै गेहू के बारे मे कहना चाहता हूं ।

अब मै कोआपरेटिव्ज के बारे मे कुछ कहना चाहता हूं । बहुत सोच विचार के बाद आपने एक हल निकाला है और वह भी बहुत देरी के बाद । दस साल के बाद तो यह हल निकाला ही गया है । इस चीज के बारे में मै जो कुछ विनोबा भावे जी ने कहा है वही मैं निवेदन करना चाहता हूं । उन्होंने कहा है :—

> "मै अगर सरकार में होता तो कहता कि सरकार ऐसी सहकारी मंडली को मान्यता दे कि जो दाखिल होने से पहले अपनी जमीन की मालिकी गाव के हित में विसर्जित करे ।"

लेकिन आपकी स्कीम के मुताबिक तो जो इनइक्वैलिटी है वह बनी रहेगी । एक आदमी होगा जिसकी दा ए ड, एक एकड या इससे कम जमीन होगी और दूसरा होगा जिसकी एक हजार और पाच सौ एकड जमीन होगी । अब जिसके पास कम जमीन है वह गरीब है लेकिन इस स्कीम से तो वह गुलाम भी बन जायेगा, स्लेव भी हो जायेगा जो कि वह पहले नही था । ऐसी सूरत मे सहकारी खेती कैसे चलेगी, यह इमपोसिबल है । जब तक इक्वैलिटी की भावना नही आयेगी और जब तक एक हजार और पाच सौ और दो सौ एकड वाले रहेगे तब तक शान्ति कैसे स्थापित होगी और उस गरीब आदमी को देगा कौन । यह बात मैंने अपनी नही विनोबा भावे जी की आपको सुनाई है । इसको आप जितनी वैल्यू अटैच करना चाहते है करे । मै तो समझता हू कि आज वही एक आदमी है जो कि लोगो की पल्स को टच करता है । और भी बडे बडे आदमी हो सकते है जो जनता को समझते हो और इसमे कोई शक वाली बात भी नही है लेकिन जनता की पल्स को वह बहुत ही अच्छी तरह से जानता है और उसी का यह स्टेटमेंट है कि यह सहकारी खेती कामयाब होने वाली नही है । इससे हो सकता है कि शोषण का एक और जरिया निकल आये । आप तजुर्बा करना चाहते हैं और आप कर

भी सकते हैं, लेकिन यह उनकी राय है। मैं कोई बहुत तजुर्बेकार नहीं हूं। आपको चाहिये कि आप सोच समझ कर चलें और देखें कि गरीब आदमियों का एक्सप्लायटेशन न हो। अब तो वे लोग दम तो ले पा रहे हैं और बाद में कहीं ऐसा न हो कि वे दम ही तोड़ दें।

तीसरी बात मैं आप जो फौजों पर रुपया खर्च कर रहे हैं, उसके बारे में कहना चाहता हूं। एक तो आप एक डेढ़ अरब रुपये का गेहूं बाहर से मंगा रहे हैं और दूसरे आप कोई तीन सौ करोड़ रुपये फौज पर खर्च कर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि यह तीन सौ करोड़ रुपया खर्च करने की जरूरत क्या है, क्यों यह किया जा रहा है? ये फौजें किसके हमले से बचाव के लिये रखी जा रही हैं? क्या अमरीका की तरफ से हमला हो, तो बचाव के लिये है? अमरीका बहुत शक्तिशाली देश है और उसका मुकाबला कैसे किया जा सकता है। इसी तरह से इंगलैंड के हमले का मुकाबला भी नहीं किया जा सकता है। तो फिर इनको मुकाबला किस तरफ से हुये हमले का करना है। यह कहा जा सकता है कि पाकिस्तान की तरफ से हुये हमले का इनको मुकाबला करना है। पाकिस्तान का हमला और इतना अधिक खर्च? आज पाकिस्तान कितना अपनी फौजों पर खर्च कर रहा है? वह तो सौ करोड़ के करीब कर रहा है और आप तीन सौ करोड़ रुपया, यह क्या बात हुई? पाकिस्तान एक छोटा मुल्क है और हिन्दुस्तान बड़ा। पाकिस्तान की फौजें तो बहुत ही जबर निकलीं। उसको वहां पर मुल्क की प्रोटेक्शन के लिए रखा गया था और उसने अपने ही मुल्क पर हमला कर दिया। ऐसा मालूम होता है कि उसकी अपनी फौज नहीं है। इसके मुकाबले में आपकी जो फौज है वह देशभक्त है, लायल है और यह खुशी की बात है। क्लाइव और मीर जाफर की फौज में भी लड़ाई हुई थी और आप जानते ही हैं कि जीत किसकी हुई। फौज ज्यादा हो तभी मुकाबला किया जा सकता है, यह धारणा गलत है। यह मनजुम होनी चाहिये, डिसिप्लिंड होनी चाहिये और इसी को देखना हमारा फर्ज है। थोड़ी सी फौज का मुकाबला करने के लिये इतनी बड़ी फौज और वह भी उस फौज के खिलाफ जो खुद-गर्ज है, समझ में नहीं आता है। आप अमरीका का, इंग्लैंड का, रूस का, फ्रांस का मुकाबला नहीं कर सकते हैं और पाकिस्तान का मुकाबला करने के लिये ही आपने फौज रखी है ले दे कर और पाकिस्तान जब कि सौ करोड़ रुपया खर्च करता है, वहां आप तीन सौ करोड़ रुपया खर्च करते हैं। आपकी फौज बेटर आर्गेनाइज्ड है, ज्यादा लायल है, ज्यादा देशभक्त है और इतना होने पर भी इतना ज्यादा खर्च करना, यह बात कतई समझ में नहीं आती है। यह चीज तो यह साबित करती है कि आपको पाकिस्तान से तीन गुना डर है। यह तो डर को बढ़ाने वाली बात हुई, घटाने वाली बात नहीं। आज आप एक तरफ इतना अधिक रुपया अनाज मंगाने पर खर्च कर रहे हैं और दूसरी तरफ इतना रुपया फौजों पर कर रहे हैं। ऐसी सूरत में सोचने वाली बात यह है कि आया हमें इतना फौज पर खर्च करना है या नहीं करना है और अगर नहीं करना है तो कितना कम खर्च करना है या बिल्कुल नहीं करना है। आपको यह भी ख्याल करना होगा कि इसका असर क्या पड़ता है देश के ऊपर और साथ ही साथ आज हमारे देश की हालत क्या है। ये सब बातें हैं जिन पर अच्छी तरह से सोच विचार करने की आवश्यकता है। ऐसी सूरत में अगर और कुछ नहीं तो आप फौज पर दो तिहाई खर्च कम कर ही सकते हैं।

14 hrs.

अब मैं फाइव यीअर प्लान के बारे में दो एक शब्द कहना चाहता हूं। इस प्लान के

[श्री अचित राम]

बारे में जो कुछ विनोबा जी ने कहा है वह मैं आपको पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। वह कहते हैं :—

"It is generally said that the First Five Year Plan is completed. But what is completed is in fact the plan-period and not the plan-target. People's cooperation was lacking in the execution of the plan".

बैनिफिट की बात उन्होंने आगे चल कर की है। वह कहते हैं कि प्लान का पीरियड तो खत्म हो गया लेकिन टारगेट्स अचीव नहीं किये गये। ये उनके शब्द हैं जो कि निष्पक्ष आदमी हैं, जो कि पंडित जी से बहुत मुहब्बत करता है और जिनको मिलते ही उनकी आंखों में आंसू आ जाते हैं। वह आज गांव गांव में घूमता फिरता है और सभी चीजों को देखता फिरता है। वह कहता है कि लोगों की कोआपरेशन नहीं है, पीरियड तो खत्म हो गया है। उनकी बात का यह असर हुआ है कि अब सरकार यह महसूस करने लग गई है कि प्लान ऊपर से बन रहा है, लोगों की राय से नहीं बनता है, इसलिये इसको लोगों की राय से बनना चाहिये। यह लोगों की राय की जो बात है, इसके बारे में भी मैं कुछ कहना चाहता हूं। बसी में अभी हाल ही में एक मीटिंग हुई थी और मैं भी उसमें गया था। उसमें अफसरों ने कहा कि उनकी मर्जी से ही प्लान बनेगा और उनकी मर्जी से खर्चा होगा। यह सुन कर मुझे बड़ी खुशी हुई। डेढ़ सौ या दो सौ गांवों से आदमी आ कर वहां बैठे हुये थे। जो आदमी मीटिंग एटेंड करने के लिये आये वे बहुत कम तादाद में आये। दस दस मील से वही आदमी मीटिंग एटेंड करने आ सकता है, जिसके घर में खाने के लिये हो और जिसके घर में खाने को आटा न हो वह कैसे आ सकता है। जो व्यक्ति हर रोज कमाता है और हर रोज ही खर्च कर देता है, हाऊ कैन ही एफोर्ड टू वेस्ट ए डे फार दी मीटिंग; इट इज इम्पासिबल। [How can be afford to waste a day for the meeting; it is impossible.]

जिसके पास अच्छे कपड़े पहनने को हैं, जिसके पास अच्छे पैसे हैं वही वहां आ सकता है और जिसके तन पर कपड़ा नहीं है, वह कैसे आ सकता है, यह पासिबल नहीं है। फटे हुये कपड़ों में कैसे कोई आयेगा? तो मैं कहना चाहता हूं कि जो प्लानिंग है यह ऊपर से ही, दस गज ऊपर से ही, होता है, नीचे वाले लोगों तक नहीं आ पाता है। इस वास्ते मैं कहूंगा कि आप किसी गलतफहमी में न रहें। साथ ही आप जो कर्जे पर कर्जा लेते जा रहे हैं, इसका क्या असर होगा, इस पर भी आपको विचार करना होगा। यह रुपया उसी तरह से लोगों को टच नहीं करता है जैसे कि आप एक बरतन में जिसके नीचे छेद हो, पानी डालते जायें और वह पानी उस बरतन में रह ही नहीं पाता है। ऐसे रुपये को आप लेकर क्या करेंगे जब कि यह लाखों और करोड़ों लोगों को ही कोई लाभ नहीं पहुंचायेगा? पेवमेंट हो रहे हैं गलियों के। लेकिन गांव के रहने वालों का इन पेवमेंट्स से क्या भला होगा। किसके लिये गलियां बन रही हैं, स्कूल बन रहे हैं? मैं यह अर्ज कर रहा हूं कि असल बात यह है कि जब तक आप प्लैन गांवों के लिये नहीं बनायेंगे तब तक आपकी प्लैन कामयाब नहीं हो सकती। हर गांव के निवासी प्लान करें—जिस गांव में बगैर जमीन वालों और बगैर मकान वालों का सहयोग नहीं है वह प्लैन मंजूर न किया जाया करे, हर गांव के अन्दर जो भी जमीन और जितने मकान हैं सब आप उनके सुपुर्द कर दें। तभी आपकी प्लैनिंग चल सकती है। मैं अक्सर सोचता हूं कि नेगोशिएसन्स हो रहे हैं, सहायता ली जा रही है। जापान हमारी मदद को आयेगा, बड़ी खुशी की बात है। इंग्लैंड भी दे देगा। लेकिन आखिर यह कर्जा वापस कैसे करेंगे? कहते हैं कि उनके पास कोई रिट्रेंच नहीं है। हो

सकता है कि कोई स्ट्रिंग न हो, लेकिन फिर भी इस रुपये को अदा तो करना होगा। आखिर कौन इस रुपये को अदा करेगा, किसके सिर पर यह बोझ है। दे हैव नो स्ट्रिंग्स फार दि प्राइम मिनिस्टर आफ इंडिया। लेकिन फर्ज कीजिये कि वे लोग आपसे रुपया मांगते हैं तो यह कह देंगे कि फसल नहीं हुई, बारिश हो गई, ओला पड़ गया इस वास्ते अनाज नहीं हुआ। आप आज कहते हैं कि दस वर्षों से ओला पड़ रहा है या बाढ़ आ रही है और इसलिये अनाज बाहर से आ रहा है। अगर कहीं दस बीस बरस और भी ओला पड़ने लगे तो क्या होगा? अगर अमरीका कहने लगे कि जो कुछ तुम्हारे पास हो हमको दो, हमने तुमको रुपया दिया है, तो आप क्या करेंगे? हम इन्तजाम करेंगे दस सालों में, वे कह सकते हैं कि हम आपके मुल्क का इन्तजाम करेंगे, जरा इसको भी तो सोचिये। इस-लिये मैं कहता हूं कि आप जरा सोच समझ कर कर्जा लीजिये। कहीं ऐसा न हो कि वह हम पर और ज्यादा मुसीबतें ले आये। आप तो चले जायेंगे लेकिन आने वाली नस्लें हमको कोसेंगी कि हम लोग कर्जा लेते रहे और उनकी मुसीबत बढ़ाते रहे। इसलिये जरा समझ से काम लीजिये। मैं समझता हूं कि कंडिशन इज वैरी सीरियस। इस वक्त जो गवर्नमेंट है वह पंडित नेहरू की है। गांवों के लोगों से माल लेने में आज गवर्नमट नाकामयाब हुई है, यह बिल्कुल साफ है। आज चाहे गांवों के रहने वाले हों या शहरों के, वह आपको अनाज देने को तैयार नहीं हैं। कहते हैं कि इससे हमारी मुसीबत बढ़ेगी और हम गरीब हो जायेंगे इसलिये यह चीज हमें फायदा पहुंचाने वाली नहीं है। इसलिये आई ऐम नाट प्रिपेअर्ड टु सरेन्डर माई स्टाक। अगर उसने ऐसा न किया तो फिर रास्ता क्या है? मैं कहूंगा कि कैबिनेट आज ठीक चल रही है लेकिन फिर भी आज मुल्क के अन्दर एक नेशनल ऐसिस्टेंस कैबिनेट बननी चाहिये। हो सकता है कि कृपलानी साहब ने इसलिये कहा हो कि उन को लालच हो कि वह ट्रेजरी बेंचेज पर जा कर बैठ जायें, लेकिन जो लोग कांग्रेस के भी नहीं हैं, और जिनको लालच भी नहीं है, जिन्होंने इसकी कभी परवाह भी नहीं की पार्लियामेंट में जा कर बैठें, आप उन लोगों को यहां रखें और उनकी एसिस्टेंस कैबिनेट बनायें। हो सकता है कि जो लोग कांग्रेस के बाहर है वे आपको बदनाम करना चाहते हों लेकिन जो लोग कांग्रेस में हैं और इस वजह से आपकी मुखालिफत नहीं करते, वह भी इस मामले में आपके साथ नहीं हैं तो फिर आपको चाहिये कि आप एक ऐसी नेशनल एसिस्टेंस कैबिनेट बनायें जिससे आपको जनता का विश्वास मिल सके और आप ठीक से काम कर सकें। उस कैबिनेट में इन लोगों को रखा जाना चाहिये: विनोबा जी, श्री जय प्रकाश नारायण, राजा जी, मास्टर तारा सिंह, श्री जेड० ए० अहमद, डा० जाकिर हुसैन, आशा देवी, गोलवलकर जी और टंडन जी। ये सब लोग हों या और निष्पक्ष लोग हों।

उपाध्यक्ष महोदय: आपने तो कैबिनेट बना कर अपना इलाज दे दिया अब।

श्री ऑंकार राम: मैं अब इतना ही बताना चाहता हूं कि उस कैबिनेट का काम क्या होगा। उसके सुपुर्द छः सब्जेक्टस होने चाहियें। एक तो फूड का मसला, दूसरे डिफेन्स का मसला, तीसरे एजुकेशन का मसला, चौथे इंडो-पाकिस्तान रिलेशन्स का मसला, पांचवें स्टेट्स रिआर्गेनाइजेशन का मसला और छठवें लैंग्वेज का मसला। इन छः चीजों को नेशनल ऐसिस्टेंस कैबिनेट के सुपुर्द किया जाय। प्राइम मिनिस्टर का वोट उसी वक्त काम में आये जब उनका डिफरेंस हो आपस में। जो चीज वह यूनैनि-मसली पास करें उसमें प्राइम मिनिस्टर का दखल नहीं होना चाहिये। लेकिन उस फैसले को अगर बदलना हो तो दोनों हाउसेज की मैजारिटी से उसको बदला जा सके।

[श्री अचित राम]

दरअस्ल मेरा यही सजेशन था जो मैं देना चाहता था। मैं चाहता हू कि इस तरह की कैबिनेट बने और जिन लोगो का मैंने नाम रखा है, उनको उसमे मुनासिब हो तो जगह दी जाये।

Shri Mohammed Imam (Chitaldrug) We have listened with great care and respect to the Address of the President The debate on the Address affords us an opportunity to hold an inquest on the commissions and omissions of the Government But the Address which in itself is not only insipid but is uninspiring and contains only routine matters On going through the Address we cannot but realize that our national difficulties are on the increase and that there is an ever increasing gravity of the economic malaise

Of late, the President's Address always commences with profuse apologies for the failure of the Government to implement the Plan as was originally contemplated That robust optimism that prevailed and that characterized the commencement of the Plan is now lacking, and it has given room to an air of pessimism and an air of uncertainty We do not know where we are in the midst of the plans

The Address of 1957 was emphatic that there was no question of slowing down the progress or retarding the Plan But the Address of 1958 disclosed that the country's economy was in considerable stress and strain and that some revision was necessary The present Address comes forth with the sad admission that the Plan had to be revised and has to be reconsidered and pruned

Why I am referring to it is because of this The Plan as prepared is built on shaky ground and it is not realistic and it is not practicable, and the country's resources were not properly assessed by the framers of the Plan These are the difficulties in the midst of the Plan I cannot predict what the future will be during the next two years, as we depend mostly on foreign countries for our assistance It does not mean that I am against the Plan. We want the Plan to be implemented in its entirety, but I do not want that false hopes should be given to the nation and subsequently those hopes falsified

I am aware that mighty projects are under construction I am glad that three gigantic steel plants are put into operation I know that gigantic reservoirs are under construction though they have not yielded any substantial results I am also aware that the Community Projects to which the President has referred and the National Extension centres have been extended to a large number of villages But I am also aware that in these projects, especially in the Community Projects, a lot of money is wasted away rather than usefully spent

In spite of all this I may say that the plight of the common man, the plight of the poor, still remains the same or is becoming worse The poor man is in the grip of inflation in the midst of scarcity His cost of living has gone up and I may say without hesitation that every poor man, every man who lives in the villages, is underfed under-nourished, underclothed and has little or no room to live in That is his plight His condition or position has not improved to any appreciable extent Perhaps some of those who have been living through the pre-independence days are thinking as to whether these are the fruits of Independence or the fruits of democracy

I may refer to the food crisis which is a burning problem of the day All the hon Members have referred to this crisis with great sorrow and

great pain. It is true that the Government has been striving its best or has been attempting to solve this thorny problem Hundreds of crores of rupees have been spent on the 'Grow More Food' campaign, not only by the Centre but by the States It was proclaimed during the first Plan period that the food position would be solved, the problem would be solved and that the country would attain self sufficiency before the end of this Plan But the hope and the expectation has not materialized The food position remains the same Not only the food position is bad, but I may say that the prices are soaring high What is more, the position has become worse in the midst of this inflation and the action of the Government the policies of the Government to over spend and to over-tax have led to inflation On account of this inflation everywhere there is much less of goods for what we are paying That is the position

It was observed by Acharya Kripalani that though there may not be acute scarcity and even though there was a certain amount of scarcity, it can be tolerated provided the prices are reasonable But the Government have not taken any measures to bring down the prices not only of foodgrains but of such essential commodities as are of daily need for human existence

Having failed in all their measures having failed to resolve the food crisis, the Government propose to switch on to controls state trading land reforms and co operative farming The experiments especially land reforms and co operative farming which are introduced for the first time in our land and in the history of India So far as controls are concerned I may state that I always hate controls for from past experience we find that controls always create scarcity They not only create scarcity but black market and black market always destroys the free market From the administration of these controls it is our experience that what little food is available now may not be available hereafter I am afraid that by the imposition of these controls the prices may go up still higher

I am not going to allude to land reforms, but about co-operative farming I would like to say a few words The Prime Minister has observed that the country's food problem will be solved and that there will be more production if co-operative farming is introduced I wish him every success but I must suggest that we do proceed with caution and care before implementing it This is the result of the Congress resolution at Nagpur and I know that in pursuance of the resolution many hundreds of Congress workers are being trained to work this But what I am afraid of is this This is a party idea or a party manoeuvre which is going to be imposed on the nation

It was stated that this co-operative farming has been successful or has proved successful in Soviet Russia and in China The conditions here are quite different In Russia and China, no private property or no private land is recognised It is a dictatorial form of government there Here we are under a democracy Is it possible to work up this co operative farming in a country where conditions are quite different? Of course in China and Russia where people do not own land, they are forced to work on the land and it might have been successful, but we do not know the conditions there But here if we introduce this experiment throughout all at once I am afraid there would be confusion and chaos So, I submit that the Government must proceed with care and caution Of late there is a feeling that the country is being drawn more and more towards communism and communist doctrines and ideologies and being nursed by the Government and by the Prime Minister Whatever may be the result I submit that care should be taken to see that our economic crisis is not accentuated There are other methods also to see that food production goes up by proper and judicious administration

[Shri Mohammed Imam]

I may be permitted to deal here with the boundary dispute between Mysore and Bombay, which has been referred to by some friends Mysore is surrounded on all sides by five States—Madras, old Hyderabad, Kerala, Andhra and Bombay So far as the other States are concerned, we have no dispute We have resolved our dispute with Andhra We have got disputes with Kerala and other States, but we have reconciled ourselves It is unfortunate that our Maharashtrian brethren have taken a militant attitude and they have commenced onslaughts on the State of Mysore This is very unfortunate I may submit that the question of Belgaum and North Kanara was settled by a competent body consisting of eminent persons One of the members of the Commission was a Mysorian—a High Court Judge—and two members were eminent judges

Dr. P. S. Deshmukh: This has already been modified so far as Andhra—Mysore border is concerned

Shri Mohammed Imam: We have reconciled ourselves to that and we do not have disputes with any other State If there is any dispute, it must be resolved by mutual negotiation and not through satyagraha or any other violent method Belgaum and other places were handed over to us according to the opinions expressed by the Re organisation Commission and also the Parliament They did not hand over these areas arbitrarily The population may he evenly divided there When population is evenly divided, other circumstances are taken into consideration, such as historical aspects, administrative convenience, economic viability and so on Taking all these factors into consideration, they have decided rightly that these areas should go to Mysore Now this attempt by our Maharashtrian brethren to create disturbances dislodge and unsettle what has been settled is very unfortunate I am sure they will devote their attention to more important things and not trouble themselves on these minor issues.

When I was in the Chair, Mr Narasimhan referred to the speech made by my leader yesterday regarding the formation of a national government and he also made some adverse remarks regarding the role of the Opposition He seems to think that the PSP is very anxious to shoulder the responsibilities or to aspire for any office I am afraid he has not understood the speech of Acharya Kripalani properly You know him very well and you find very few patriots like him You also know the reason why he resigned from the Congress He is the last man to aspire for any office If I understood him correctly, yesterday what he meant to say was that the Prime Minister's offer or invitation for co-operation must be logical He said that the Prime Minister should not invite the Members of the Opposition for mere consultation, they must be invited for execution also I can tell you that we in the PSP or in the Opposition are not at all anxious to come into office nor do we care for office There seems to be a certain amount of uneasiness or nervousness among the Congress people Perhaps most of them seem to feel that by the formation of a national government, which has been wrongly understood they might lose their own advantages

Acharya Kripalani only pointed out the gravity of the situation and the need to resolve the food crisis I may make it clear that the Opposition will play its role I know that opposition is needed for the sake of the country It has been said, no matter what the form of government is, that government is best which is best administered Monarchy is good provided there is a benevolent monarch Similarly, if democracy is carried on properly, certainly it will bring benefit to the

peole But if democracy is misused or if it is not properly administered, then democracy will become mobocracy So, it all depends on the persons So far as this aspect is concerned, I can make it clear that neither the PSP nor the Opposition is at all anxious to get into office We are only anxious to see that the Government is run properly You may pass any number of laws Legislation can be passed in any number, but I submit there are eternal laws, divine laws, which can never be changed This must always be remembered by those who are in charge of the administration It is only then that the country will prosper and the people will be happy

Shri Brajeshwar Prasad (Gaya) Only an Indo-Russian settlement can safeguard our territorial integrity in Kashmir No amount of American help can guard it if there is a Pak-Russian settlement The alternative to an Indo Russian settlement is a Pak-Russian settlement because the Baghdad Pact is dissolving fast There is no third alternative, for the integration of the heartland and the rimland into one political unit is both desirable and inevitable This integration will be on a democratic basis if there is a political settlement between India and Russia Russia will enter into a political settlement with India if China is on our side and we support the Russian foreign policy pertaining to Europe and the New World

If there is a war between India and Pakistan, America will remain neutral and Russia will help either India or Pakistan whoever happens to be her ally

If India does not enter into a political settlement with Russia, as surely as the Sun rises in the East, Pakistan in sack cloth and ashes and with a beggar's bowl in its hands will knock at the gates of the Kremlin and implore forgiveness for its sins Pakistan will offer to withdraw from the Baghdad Pact if Russia changes her stand on the question of Kashmir.

By supporting Pakistan on the question of Kashmir Russia will be supporting not Pakistan but herself alone, for the integration of Kashmir with Pakistan means the integration of both Pakistan and Kashmir with the Soviet Union If Russia has to choose between Pakistan which is prepared to join hands with her, and India which is determined to remain non-aligned, she is bound to choose the former and not the latter

Nation States are motivated by considerations of power politics and national interests Russia supported India on the question of Kashmir because Pakistan joined the Baghdad Pact A re-affirmation by M Voroshilov of the old pledge given to India on the question of Kashmir will safeguard our position and pave the way for a full-fledged political settlement between Russia and India

Now I come to the problems of Europe The unification of Germany as a result of an agreement between Russia and America may imply three things It may mean the division of the Afro-Asian land mass into two spheres of influence It may mean that America is of the view that if Germany is united on the basis of disengagement in central Europe, Germany will develop into an autonomous centre of power It may mean that Russia is of the view that if Germany is united on that basis the whole of Europe will be integrated with her

But if the SEATO is liquidated before Germany is united, neither Russia can integrate Europe nor the bi-polar world will be broken up into a large number of autonomous centres of power If there is a political settlement between Russia and America, East Asia will pass within the American sphere of influence and Africa and West Asia will pass within the Russian sphere of influence

An Hon. Member: There are too many "ifs"

Shri Brajeshwar Prasad: Both India and China will be encircled. It is only on the basis of give and take that a political settlement can be arrived at in a world of sovereign Nation States The lessons of Yalta, Tehran Cairo and Potsdam can be ignored only at our own peril

The nuclear age places us in a disadvantageous position *vis-a-vis* the white races By no stretch of imagination a political settlement between Russia and America can prove to be beneficial to India But if the Russian calculation proves to be correct and Europe is integrated with her, Africa and West Asia will pass within the Russian sphere of influence and East Asia will pass within the Chinese sphere of influence But if the American calculation proves to be correct the bi-polar world will be shattered to pieces and once again united Germany mav become a menace to Europe Africa and Asia

America will stand to gain b the political disintegration of the old world Her hegemony over the new world will be strengthened The NATO the SEATO and the Baghdad Pact have become an encumbrance to America America will gain greater freedom of action f a large number of autonomous centres of power are created m the old world

If India and China ome togethei there cannot be either a Russio-American or a Russo-Chinese settlement and Russia will have to join hands with India and China The pull of the Afro Asian land mass over Russia will become greater than that of the United States of America If India China and Russia come together, America will have to walk out of the old world in general and East Asia in particular if America walks out of the old world and India China and Russia come together, the bi-polar world will yield place not to a large number of autonomous centres of power but to one world within the frame-work of the United Nations Organisation

China will become an autonomous centre of power if America withdraws from East Asia, and there is no political settlement either between India and China or between India and Russia or between Russia and China If both Germany and China develop into autonomous centres of power, hell will be let loose on earth

श्री प्र० सिंह दौलता (झज्जर) *जनाब डिप्टी स्पीकर पेश्तर इसके कि मैं* उन की तरफ जाऊं जो कि पंजाब के मसले है और जोकि राष्ट्रपति के एड्रेस में दर्ज नही है, मैं एक बात का ज़िक्र कर देना चाहता हू और वह यह है कि उत्तर प्रदेश के एक माननीय सदस्य ने अपनी स्पीच मे मेरे लीडर के बारे मे कहा कि श्री डागे ने अपनी स्पीच मे प्रधान मंत्री पंडित नेहरू की तो बडाई की लेकिन बाकी मिनिस्टरो की निन्दा की । अब जहा तक श्री डागे की स्पीच का ताल्लुक है मैंने उसको बहुत गौर से सुना और वह तहरीर मे है और मुझे तो उसमे कोई ऐसी चीज नज़र नही आई जिस पर कि उन्होने यह एतराज किया । चीज असल मे यह है कि कांग्रेस की जो एग्रेरियन पालिसी है उसको श्री नेहरू और उनके हम ख्याल अमल मे लाना चाहते है लेकिन कांग्रेसमैन मे ही कुछ अनसर ऐसे है जो कि उस पालिसी को एग्जीक्यूट नही करना चाहते । हम अपोजीशन वाले और खास कर जिस वार ग्रुपवाले इस बात की फिक्र रखते है कि किसी को खामख्वाह क्रिटिसाइज न किया जाय । स्पीच मे सिर्फ यही कहा गया था कि जब कि पंडित जी और उनके ख्याल के लोग कांग्रेस की इस एग्रेरियन पालिसी को एग्ज़ीक्यूट करने का इंटेंशन रखते हैं तो उन्ही के कांग्रेस के कुछ

साथी उस पालिसी को अमल में नहीं लाना चाहते हैं। अब इसमें किसी को भला बुरा कहने की बात कहा है ? अब यह भी बात है कि अच्छे और बुरे आदमी सब जगह और हर पार्टी में होते है . . . .

एक माननीय सदस्य : आप किस में आते है ?

श्री प्र० सिं० दौलता मै तो अच्छे आदमियो मे मे हू ।

अब मै आपकी इजाजत से पजाब के बारे में कुछ अर्ज करूगा । मै पजाब के बारे मे ऐसा एक लफ्ज भी नही कहूगा जोकि इस हाउस में पिछले तीन दिनो के दौरान मे कहा गया है और मै उस बारे में कोई रिपीटीशन नही करूगा ।

बाइलिगुअल ईश्यु सिर्फ गुजरात और बम्बई का ही नही है। पजाब का बाइलिगुअल ईश्यु बदस्तूर मौजूद है और उसे कोई कनफ्यूज नही कर सकता । किसी एक लीडर के व्हिम से कि उसे एलेक्शन मे काग्रेस की कुछ टिकटे वगैरह पर राजी कर लिया और उसमे यह समझ लिया जाय कि पजाब की जनता ने अपनी पजाबी सूबे की माग छोड दी है, ऐसी बात नही है । मै तो मानता हू कि पजाब के लोगो का और पजाबी बोलने वालो का अपने एक सूबे का वैसा ही हक है जैसे कि दूसरे सूबे के लोगो का है और उनको उनका सूबा मिलना चाहिये । आज वह लीडर फिर बेचैन है और वह पजाबी सूबे की माग कर रहा है और उसने पजाबी सूबे की माग छोड नही दी है। अब इस सूबे की माग करने के लिए यह कह देना कि यह फिरकेदाराना माग है, ठीक नही है । मुझे यह रिमार्क सुन कर बडा बुरा मालूम होता है । मै पूछना चाहता हू कि यह फिरकेदाराना माग कसी है ? यह उन लोगो की आवाज है जो करोडों की तादाद में आबाद है, हालांकि एक अकलियत है लेकिन वह एक बड़ी जिम्मेदार अकलियत कहलाती है क्योंकि वह हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बार्डर पर बसती है और जोकि पैरासाइट अक्सरियत नहीं है। अमन के दिनो में वह हल चलाती है और लडाई के दिनो में मुल्क को सिपाही देती है और उसका जजबाती तौर पर यह मतालबा रहा है कि उनका एक अलहदा सूबा सेंट्रल गवर्नमेंट के मातहत बनना चाहिए और मैं पूछना चाहता हू कि आखिर इसमे ऐसी कौन सी बात है जिसके कि लिए हम उस अकलियत की पर्वाह न करें और उसी तरह जिस तरह हमने शुरू मे मुस्लिम लीग के जजबात की पर्वाह नही की और आगे चल कर जिसके कि लिए हमने काफी नुकसान उठाया, हम आज उनकी इस डिमाड की पर्वाह न करे । आखिर इससे आपको क्या हासिल होगा । एक अकलियत के जजबात को यह कह कर कि वह फिरकेदाराना माग है, ठेस पहुचाते चले जाना, यह गलत बात है । कोई अकलियत अगर पजाबी सूबे की माग करती है तो जबान तो उसकी मजूरी देने के लिए एक ऐडिशनल ग्राउन्ड होनी चाहिये और उसकी मजूरी की राह मे कोई रुकावट नही आनी चाहिये । मै तो समझता हू कि प्योरली ऐडमिनिस्ट्रेटिव रीजस हरियाने के और पजाबी स्पीकिंग एरिया के अगर बना दिये जाते हैं तो वह किसी कदर पोलिटिकल बीमारियो का इलाज साबित होगा । मै चाहता था कि काश यहा पर होम मिनिस्टर साहब या दूसरे जिम्मेदार मिनिस्टर्स होते क्योंकि मैं यह अर्ज करने चला हू कि इस वक्त हिमाचल प्रदेश के लोगो की यह ख्वाहिश है कि पहाडियों का एक सूबा बने और क्यो न बने ? पजाबी लोगो की अगर यह ख्वाहिश है कि उनका एक पजाबी स्पीकिंग सूबा बने तो मैं पूछना चाहता हू कि क्यो न बने ? अब हरियाना प्रदेश दिल्ली के चारो तरफ फैला हुआ है। सन् १८५७ मे अग्रेजो ने इसे तोडा था । मेरठ डिवीजन की इलाहाबाद जाते हुए रोहतक की १७ मील की कास्टीट्यूएसी शुरू

[श्री प्र० सिं० दौलता]

होती है जो कि अलवर और भरतपुर की तरफ जाती है जब कि उनका हिस्टोरिक कप्टिल दिल्ली है और जिसको कि अंग्रेजों ने तोडा था तो कोई वजह नही कि इन लोगो को क्यो न इकट्ठा कर दिया जाय और साथ ही यह भी मानना पडेगा और मेरे बुजुर्ग होम मिनिस्टर पडित पत होते तो मैं उनको बतलाता कि उत्तर प्रदेश का साइज ऐसा है और इतना बडा है जो कि ऐडमिनिस्ट्रेशन के प्वाइंट आफ व्यु से एक अच्छा साइज नही माना जा सकता। अब उत्तर प्रदेश के साइज को घटाने के खिलाफ उस सूबे के बुजुर्गों की तरफ से यह दलील दी जाती है कि अगर कोई आदमी बडा हो तो क्या उसके हाथ पैर काट डाले जायें ? हाथ पैर तो अलबत्ता नही काटे जा सकते लेकिन पेट जरूर काटा जा सकता है और उत्तर प्रदेश का पेट बहुत बड़ा है और उसको छोटा करना चाहिये। मेरी तजवीज यह है कि उत्तर प्रदेश के पेट को छोटा करने के लिए मेरठ डिवीजन उधर दे दिया जाय। पजाबी स्पीकिंग सूबा बनने से यह जो आपकी दिल्ली को असेम्बली नही मिल रही है वह मिल सकेगी। हरियाना प्रान्त के लोग, दिल्ली के लोग और हिमाचल प्रदेश के लोग और उत्तर प्रदेश के मेरठ डिवीजन के लोग अगर अपनी डिमाड के लिए होहल्ला नही करते और शोर नही मचाते तो उससे गवर्नमेंट को यह नही समझ लेना चाहिये कि उनका मनालबा दब गया है या वह कमजोर है।

अब मैं इसके बारे मे दूसरी चीज अर्ज करने चला हू और मै चाहता था कि इस मौके पर हमारे आनरेबुल स्पीकर चेअर मे होते ताकि वह मेरी बात सुन सकते। यह बेटरमेंट लेवी के लिए इस वक्त पजाब मे किसान लोग जेलो मे जा रहे है, उनके स्वेशी नीलाम हो रहे है, उन पर वारट जारी किये जा रहे है और उनका दूसरा सामान कुर्क हो रहा है। अब उस बारे में सेंट्रल गवर्नमेंट का नुक्तेनिगाह क्या है और किसान सभा की यह डिमाड क्या है ? अब इसके बारे में कहा जाता है कि सेंट्रल गवर्नमेंट पंजाब की गवर्मनेंट को बहुत मदद देती है। अब मैं जानना चाहूगा कि व्हाट इज अवर ऐचीवमेंट ? मैं अर्ज करता हूं कि भाखरा डैम पर जो खर्चा आया है २२० करोड मय सूद उस क २२० करोड में सेंट्रल गवर्नमेंट ने एक पैसा कंट्रिब्यूट नही किया, प्राविशिएल गवर्नमेंट ने एक पैसा कंट्रोल नही किया। उस २२० मे से बिजली का राजस्थान का हिस्सा निकलने के बाद ९८ करोड हमारे हिसाब मे और १०१ करोड रुपया गवर्नमेंट के हिसाब मे वाजिबुलअदा आता है। ज्योंही बेटरमेंट लेवी और कौंसिल उठी, एक आर्डिनेंस पास किया गया जिसकी कि रू से बेटरमेंट लेवी के जरिए यह सारा रुपया १५ किश्तो मे किसानो से वसूल किया जायगा। सूद तीन परसेंट के बजाय किसान पाच परसेंट देता है। यह प्रोडक्टिव है, यह घाटे की स्कीम नही है फिर इस लेवी का क्या सवाल ? अब बेटरमेंट टैक्स का तो यह है कि ज्योही बेटरमेंट टैक्स लाग किया जाता है त्योही उसके साथ ही जैसे कि पजाब का है, उसका आधा जितना लैंड रवेन्यू होता है उतना आटोमैटिकली लोकल रेट बढ जाता है, इनहेंस हो जाता है और आबियाना १९५० से डेढ गुना कर दिया है। लैंड रेवेन्यु तो अलग और आबियाना बढा हुआ। बेटरमेंट टैक्स के साथ जो लोकल रेट बनता है उससे उसकी आमदनी मे काफी इजाफा होता है। जिस समय बेटरमेंट लेवी ऐक्ट पास हुआ उस वक्त मिनिस्टर प्रोफेसर शेर सिह थे। उनके हिसाब से वह तमाम टैक्स पूरा कर देता है और सूद के अलावा दो परसेंट ज्यादा होता है, तीन परसेंट हो जाता है और पाच परसेंट देते है।

अर्ज यह है कि जब यह प्रोडक्टिव है तो इसमें लेवी लगाने के क्या मानी ? तो मेरी पहली अर्ज तो यह है कि यह सेंट्रल

गवर्नमेंट का पैसा है । फिर मैं यह अर्ज करू कि मैं ५०० रुपये देकर अपने डिप्टी स्पीकर साहब से एक भैंस खरीदू ।

उपाध्यक्ष महोदय मेरे पास तो है नही ।

श्री प्र० सि० बौलता जब आप मांटगुमरी में थे तब तो आपके पास बहुत भैंसे थी । तो मैं कहता हू कि अगर मैं डिप्टी स्पीकर साहब से ५०० रुपये देकर भैंस खरीदू और जब मैं दूसरे दिन उसका दूध निकालने लगू तो यह कहें कि इस दूध के दाम और दो । तुमने तो भैंस *के दाम ही दिये है दूध के नही दिये । अगर दूध* निकालना है तो दूध के दाम और दो तब दूध निकालना। मैं कहता हू कि आप किसान को मदद न दें जैसी कि आप सरमायेदारो को देते हैं या जैसी कि आप शुगर केन के मामले में कारखाने वालो को एड देते है वह भी न दे । किसान से जो वाजिब है वही लें । लेकिन आप तो उससे भेस का भी दाम चाहते है और जो दूध वह निकालेगा रोज रोज उसका भी दाम चाहते है। किसान कहता है कि हमसे कीमत ले लो और एन्युअल मेनटिनेन्स की कास्ट भी ले लो मगर फिर उसके बाद आबियाना मत मागना। वह कहता है कि भैंस का दाम ले लो लेकिन दूध का दाम न मागना । लेकिन आप कहते हैं कि नही भैंस का दाम लिया जायेगा और जो रोज–रोज उसका दूध निकालोगे उसका भी दाम लिया जायेगा । ऐ सोशलिज्म का नारा लगाने वालो, क्या यही सोशलिज्म है । यह किसान का भोलापन है, उसकी बैकवर्डनेस है कि जिसको आज एक्सप्लाइट किया जा रहा है ।

एक भाई ने मुझ से सेंट्रल हाल में कहा और आज मैं ने अखबारों में भी पढा है कि किसानों की जमीनों की हैसियत बढ जायेगी, तो क्यों न उनसे कुछ ज्यादा चार्ज कर लिया जाये । मैं कहता हूं कि जमीन की हैसियत बढ़ने का हैसियत टैक्स पहले ही लगाया जा चुका है । फिर किसान कोई ट्रेडर नही है कि वह जमीन को बेचेगा । इसलिए वह जमीन की वेल्यू बढने से फायदा नही उठाने वाला । कहा जाता है कि उसकी जमीन की पैदावार बढ जायेगी । इस भाखरा डैम के बनने के पहले २१ साल तक तो सर छोटूराम यह चिल्लाते रहे और फिर सेंट्रल गवर्नमेंट भी अब पोस्टरो वगैरह मे यह जाहिर करती रही है कि यह डैम किसानो का स्टैंडर्ड बढाने के लिए बनाया जा रहा है । अगर यह बात है तो फिर किसान का स्टेडर्ड बढने दीजिये, उससे उसके लिए टैक्स क्यो मागा जाता है। यह तमाम पैसा तो सेंट्रल गवर्नमेंट का है। पजाब के एक जिम्मेवार मिनिस्टर ने कहा कि हमने तीन बार सेंट्रल गवर्नमेंट को लिखा कि कम से कम सूद माफ कर दीजिये क्योकि खेती भी एक इडस्ट्री है लेकिन तीनों बार सेंट्रल गवर्नमेंट ने सूद माफ करने से इन्कार कर दिया । जाने दीजिये इसको ।

सोशलिज्म का यह बेसिक उसूल है कि जिनके उठाने के लिए पैसा खर्च किया जाये उनसे वह पैसा वसूल न किया जाये । यह सोशलिज्म का बुनियादी असूल है । अब आप देखें कि चडीगढ बसा है । मैं भी चडीगढ मे रहता हू। वहा पर बडे–बडे अस्पताल और कालिज वगैरह बनाये गये है। लेकिन मैं देखता हू कि चंडीगढ़ के लोगो से तो उसके लिए पैसा नही मागा जाता कि इन चीजो से तुमको फायदा होगा इसलिए तुम इनकी कीमत अदा करो । तो फिर किसान से ही क्यो इस तरह पैसा मागा जाता है कि तुम्हारा स्टेडर्ड बढता है इसलिए तुम पैसा दो । आप देखें कि जो ९८ करोड रुपया मागा जाता है उसमें वह ३३ करोड़ भी शामिल है जिसका कि करप्शन हुआ था । उस सिलसिले में एक चीफ इंजिनियर और १३ दूसरे इंजीनियर

[श्री प्र० सि० दौलता]

पकड़े गये थे। आज किसानों से कहा जाता है कि वह करप्शन का पैसा भी तुम दो चाहे उसके लिए जिम्मेवार कोई भी क्यों न रहा हो।

कहा जाता है कि इस डैम का बैनिफिशियरी पंजाब का किसान है इसलिए उसे पैसा देना चाहिए। डिप्टी स्पीकर साहब आप और मैं जिस इलाके में गजीबार और नीलीबार में रहते थे वह एक जमाने में रेगिस्तान था। लेकिन जब किसान ने उस इलाके में खेती की और वहां गेहूं पैदा हुआ तो बड़ी बड़ी मंडियां वहां कायम हुईं। और कितने लोगों ने फायदा उठाया। इसी तरह मैं कहता हूं कि इस भाखड़ा डैम से सबसे बड़ी बैनिफिशियरी तो सेंट्रल गवर्नमेंट है। उसका बहुत सा फारिन एक्सचेंज बचेगा। अगर यह उसूल मान लिया जाता है कि जो बैनिफिशियरी हो वह पैसा दे, तो भी अकेला किसान पैसा देने का जिम्मेवार नहीं है। इसको सेंट्रल गवर्नमेंट, दे प्राविंशियल गवर्नमेंट दे और दूसरे लोग जो फायदा उठाये वे दें। मैं रियायत नहीं मांगता। लेकिन मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि जितने बैनिफिशियरी हैं सभी दें, जो भी फायदा उठाये वह दे। सेंट्रल गवर्नमेंट अपनी जिम्मेवारी से क्यों बचती है। उसका भी फारिन एक्सचेंज बचेगा, प्राविंशियल गवर्नमेंट का भी बचेगा।

मेरे दोस्त श्री अजित प्रसाद जैन आज यहां नहीं हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि जब एक किसान एक मन गल्ला पैदा करता है तो सिर्फ किसान ही उसका बैनिफिशियरी नहीं होता। जब पंजाब के किसान ने गेहूं पैदा किया तो फस्ल पर उसका भाव रखा गया १४ रुपये सात आने मन और प्रो० ब्रजनारायण ने बतलाया है कि पंजाब के १८ ९ परसेंट किसान को अपना अनाज बेचने पर मजबूर होना पड़ा, मैं तो कहूंगा कि फेंकने पर मजबूर होना पड़ा। क्योंकि भाव तो मुकर्रर किया गया था, १४ रुपये सात आने मन और उनको देना पड़ा १२ रुपये ८ आने, १३ रुपये ८ आने, १३ रुपये १० आने मन। इस तरह से किसान तो मुकर्रर की हुई कीमत भी नहीं पा सका, लेकिन जब वह गेहूं जैन साहब की बिरादरी के पास गया तो वह १२ और साढ़े १२ रुपये का लिया हुआ गेहूं २५ रुपये मन पर बिका। किसान को तो जो कीमत सरकार ने मुकर्रर की थी वह भी नहीं मिली उसके बूढ़े मां बाप और बच्चे भूख से तड़पते ही रह गये और पैसे कमाये दूसरे लोगों ने और सरकार चिल्लाती है ग्रो मोर फूड, ग्रो मोर फूड। आप कहते हैं कि बैनिफिशियरी अकेला किसान है। आप जानते हैं कि जब किसान गल्ला पैदा करता है तो कितने लोगों को फायदा होता है। जब लायलपुर और मंटगोमरी बसाया किस तरह से मिडिल क्लास के तबके को फायदा हुआ। वह भी बैनिफिशियरी हुए। तो मैं यह कहता हूं कि अगर इस उसूल को माना जाता कि जो बैनिफिशियरी है वह दे तो यह चार्ज सब बैनिफिशियरीज पर लागू होना चाहिए। अकेले किसान पर लागू नहीं होनी चाहिए। इसका एक परसेंटेज मिडिल क्लास दे, एक परसेंटेज सेंट्रल गवर्नमेंट दे और प्राविंशियल गवर्नमेंट दे। अकेला किसान ही सारा कंट्रीब्यूशन क्यों दे। मुझे इसके बारे में और भी बहुत सी बातें कहनी थीं लेकिन वक्त कम है।

अब मैं दूसरी बात फूड की कहना चाहता हूं। अरे भाइयो, मुझे बड़ी शर्म आती है यह देखकर कि आज पंजाब में फूड का यह हाल है। अगर मैं फूड मिनिस्टर होता तो मैं इस हालत में यह आफिस छोड़ देता। आप देखें कि पंजाब में जो कि सरप्लस था फूड के मामले में आज यह हालत है कि औरतें और बच्चे बाजारों में हाय रोटी, हाय आटा चिल्लाते फिरते हैं। आज पंजाब का गेहूं कहां है। उसकी सारी जिम्मेवारी हमारे फूड मिनिस्टर साहब पर है। हमने कहा था कि फूड जोन को इकट्ठा कर दीजिये लेकिन ऐसा नहीं किया

गया । नतीजा यह होता है कि जहां मेरी कांस्टीट्यूएंसी में १६ रुपये मन गेहूं बिकता है वहां जैन साहब की कांस्टीट्यूएंसी में २२ रुपये मन बिकता है, एक मन पर ६ रुपये का फायदा होता है । नतीजा हुआ स्मगलिंग । और इस तरह पंजाब का सारा गेहूं बाहर चला गया । अब पंजाब में गेहूं नहीं है । जब ६ रुपये मन का फायदा स्मगलिंग के होगा तो कोई होड नहीं करेगा । तमाम गल्ला राजस्थान और यू० पी० में चला गया । हमारे दोस्त फूड मिनिस्टर साहब ने कहा है कि पंजाब के किसान गेहूं होर्ड किए हुये हैं । जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, मैं पंजाब की फूड कमेटी का मम्बर हूं । मैं बतलाना चाहता हूं कि हमें बतलाया गया है कि किसी किसान के पास गेहूं जमा नहीं है । न मालूम सेंट्रल गवर्नमेंट के मिनिस्टर कहां से यह इनफारमेशन लाये हैं कि वहां पर किसान के पास गेहू होर्ड किया हुआ है । मुझे यह बात मालूम है कि आज पंजाब में गेहूं नहीं है । हो यह रहा है कि जैसे जब चोरी होती है और चोर के पीछे लोग भागते हैं तो चोर भी भीड़ में शामिल हो जाता है वह भी कहने लगता है कि चोर यह गया वह गया । यही आज हो रहा है कि व्यापारी तो होर्ड कर रहे हैं और चिल्ला रहे हैं कि किसान होर्ड कर रहा है ।

तो मैं ज्यादा वक्त न लेते हुए यह अर्ज करूंगा कि जरूरत तो यह थी कि सारी गवर्नमेंट की तबदीली होती, लेकिन अगर यह न हो तो कम से कम फूड मिनिस्टर की तबदीली की तो सख्त जरूरत है । जहां तक उनकी जात का ताल्लुक है वह बहुत अच्छे आदमी हैं, और बहुत अच्छे होस्ट हैं, जब हम उनके साथ जाते हैं तो अच्छी तरह खिलाते पिलाते हैं । लेकिन फूड के मामले में जैन साहब बिल्कुल नावाकिफ हैं ।उनको इंटेलेक्चुअल वाकफियत भी नहीं है जैसी कि प्रोफेसर अजनारायण को है जो कि एक बड़े इकानामिस्ट हैं और करल एकानमी के बारे में अच्छा तजुर्बा रखते हैं। न जैन साहब को जमीदारी का तजुर्बा है। वह कभी हल लेकर खेत पर नहीं गये हैं। आप जानते हैं कि मुल्क में हर रोज सुबह करीब २३, २४ करोड़ किसान हल लेकर खेतों पर जाते हैं । मैं पूछता हूं कि क्या उनमें से कोई एक भी जैन होता है । कोई एक जन भी ऐसा नहीं होगा जो खेती करता हो । तो मैं अर्ज करता हूं कि जिस आदमी को खेती का और फूड का किसी भी तरह का तजुर्बा नहीं है उसको इतने सालों से क्यों मुल्क के सिर पर थोपा हुआ है । उसे जल्द अज जल्द जवाब देना चाहिए ।

अब मैं काश्मीर के बारे में अपनी पार्टी की पोजीशन साफ करना चाहता हूं । काश्मीर वह स्टेट है, जो कि पंजाब से लगती है । काश्मीर के बारे में हमारे लीडर हमेशा कहते हैं कि काश्मीर हमारे मुल्क का पार्ट एण्ड पार्सल है, लेकिन जब मैं ला रिपोर्ट्स को देखता हूं, तो पाता हूं कि हर एक ला के बारे में यह लिखा होता है कि It will apply to the whole of India except Jammu and Kashmir इस का मतलब यह है कि रोज बताया तो यह जाता है कि काश्मीर इस मुल्क का हिस्सा है, लेकिन कई तरीकों से यह महसूस कराया जाता है कि वह हिन्दुस्तान से बाहर है । मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि इलैक्शन कमीशन और सुप्रीम कोर्ट की जुरिसडिक्शन जल्द से जल्द वहां जानी चाहिए । जितनी जल्दी ऐसा किया जायेगा, उतना ही बेहतर है ।

सिर्फ एक प्वाइंट का जिक्र कर के मैं बैठ जाना चाहता हूं । इस हाउस के एक आनरेबल मेम्बर ने—एक लीडर ने—कहा कि करप्शन नीचे के लैवल पर है और ऊपर वाले उसको कंट्रोल नहीं करते हैं । मैं यह कहना चाहता हूं कि यह बिल्कुल गलत है । करप्शन नीचे के लैवल में—पटवारियों, क्लर्कों, नाजिरों और अहलमदों में—नहीं है । वहां तो एक गरीब आदमी सिर्फ दुनिया में सरवाइव करने की अटेम्प्ट में है

[श्री प्र० सिं० दौलता]

और करप्शन तो टाप वालों में है, जिनका रबर का पेट है। इसीलिए हम चाहते हैं कि मिस्टर मथाई के बारे में जुडिशल एन्क्वायरी होनी चाहिए। उसके साथ किसी जाती इन्तकाम का सवाल नही है। सवाल तो यह है कि जब हमारे महबूब प्राइम मिनिस्टर श्री नेहरू, जिनकी इन्टेगरिटी पर कोई शक नही कर सकता है, का प्राइवेट सैक्रेटरी इस तरह के इन्ट्रेस्ट्स के साथ इनवाल्व्ड है, तो फिर उन मिनिस्टिरों का क्या हाल होगा, जिनकी इन्टेगरिटी को हम वह दर्जा नही देते, जो कि नेहरू की इन्टेगरिटी को देते हैं। मैं यह कहना चाहता हू कि मिस्टर मथाई का मामला इस बात की मिसाल है कि टापमोस्ट कैबिनेट के दफ्तरों में, फाइलो में बिग बिजिनेस के इशारों पर काम हो रहा है और बिग बिजनेस को सब हालात का पता होता है। जब प्राइम मिनिस्टर नेहरू की इन्टेगरिटी के आदमी तक ऐसा आदमी रख सकते हैं, तो दूसरों के दफ्तरों में भी यही हालत होगी, यह हम नेशन को बताना चाहते हैं। टाप की करप्शन को रिवील करने के लिए इस मामले की एन्क्वायरी की माग की जा रही है।

ज्ञानी गु० सिं० मुसाफिर (अमृतसर): जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, मुझ से पहले जो मेम्बर साहब बोले है, अगर्चे जितनी बातें उन्होंने कही है, मैं उन सब के साथ तो सहमत नही हो सकता खास तौर पर उन पर्सनल रिमार्क्स के साथ, जो कि उन्होंने किए हैं, लेकिन जिस ढग से उन्होंने पजाब की रेफरेंस से किसान की वकालत की है, उस के लिए मैं उन को मुबारकबाद देता हू। राष्ट्रपति जी के भाषण में कुल ५४ पैराग्राफ हैं, जिन में से २९ पहले पैराग्राफ्स मे उन्होंने उन तामीर के कामो का जिक्र किया है, जो कि हमारे देश में हो रहे हैं। इस से इस बात की अहमियत का अच्छी तरह से पता लग जाता है कि आज-कल हमारे सामने सब से ज्यादा जिन्दा सवाल यह है कि गरीब को उठाना है और देश से गरीबी को दूर करना है। इस वक्त हमारे देश में अनाज के सम्बन्ध में जो संकट आ रहा है, वह बड़ा संजीदा तो है, लेकिन मेरा ख्याल है कि वह बहुत जल्दी टल जाने वाला है। जो बुनियादी बातें हैं, उन की तरफ हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। मैं एक किसान का लड़का हूं और वह भी एक थोड़ी सी जमीन रखने वाले किसान का जिस ने अपनी जिन्दगी भर जमीन के बगैर और काम नहीं किया। आज जब कि को-आपरेटिव फार्मिंग और ज्वायंट फार्मिंग के बारे में यहा चर्चा हुई है—खिलाफ भी और हक में भी तो मुझ खुशी हुई है कि इस की चर्चा हो गई है, वर्ना किसान बेचारे की चर्चा बहुत कम होती है। एक शायर ने बहुत खूबसूरत शेर कहा है—

नजरे गजब से देखते है, देखते तो हैं।
मैं शाद हूं कि हूं तो किसी की निगाह में।

श्री त० ब० विट्ठल राव (खम्मम्): फिर कहिए।

ज्ञानी गु० सिं० मुसाफिर: इस चर्चा का शुरू हो जाना एक अच्छी मिसाल है। लेकिन हमेशा हर एक चीज का बैलैन्स्ड व्यू लेना चाहिए। मिस्टर मसानी बड़े अच्छे राइटर है। मैं उन का मद्दाह हू और उन की राइटिंग्ज को पसन्द करता हूं। लेकिन उन्होंने अपने पक्ष को ब्यान करते हुए सिविल वार और ब्लडशैड तक का जिक्र किया। यह बात मेरी समझ में नही आई। मगर ब्लड है कहा ? जहा यह है, वही बहेगा। बेचारे किसान को चूसा जा रहा था। अब कोशिश की जा रही है कि उस के जिस्म में खून सीचा जाए ताकि वह जरा अच्छा हो जाय और अच्छा काम कर सके। मेरी समझ में नहीं आता कि ज्वायंट फार्मिंग का नफ्त कई कानों को बुरा क्यों लग रहा है।

15 hrs.

मैंने अपनी आखो से गाव में रहते हुए ये नजारे देखे हैं कि गाव का एक मरासी एक ढोल ले कर मकान के ऊपर चढ़ जाता था और ढोल को बजा कर एलान करता था कि आज फला शख्स के खेत की बिजाई होगी या कटाई होगी और गाव के तमाम लोग वहा जमा हो जाते थे और दर्जा-ब-दर्जा एक दिन एक का काम और दूसरे दिन दूसरे का काम किया जाता था । इस तरह का वातावरण गावो में होता था । वह दिन गुजर गए है और आज ज्वायट फार्मिंग के तरीके से गावो में एक नया जीवन पैदा किया जा रहा है । मै उस की कई बातो से इत्तिफाक करता हू । अभी एक मेम्बर साहब ने कहा था कि इस से अनाज की पैदावार बढ़ेगी या घटेगी । मै समझता हू कि यह एक आरजी सवाल है, जिस के बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है । यह तो एक तरीके से एक तजुर्बा है, जो कि हम करने जा रहे है । इस में हमें मददगार होना चाहिए इस ख्याल से कि पहले तो किसान में यह भावना पैदा करनी है कि यह सब कुछ तेरे लिए हो रहा है । जब तक यह भावना न होगी, उस वक्त तक काम ठीक तरीके से नही चल सकता है । थोडे दिनो की बात है कि हम राउरकेला मे थे । वहा एक अस्पताल बन रहा है । हमे बताया गया कि यह अस्पताल तीस लाख की लागत से बन रहा है । जो मजदूर वहा काम कर रहे है, उनमे से एक मजदूर से हम ने पूछा कि यह क्या बन रहा है । उसने कहा कि यह अस्पताल बन रहा है । हमने पूछा कि यह किस के लिए बन रहा है, तो वह कहने लगा कि यह बाबू लागो के लिए बन रहा है । हमन कहा कि यह तुम्हारे लिए ही बन रहा है । शायद उस ने सोचा कि लम्बी दाढी वाले झूठ नही बोलते है और यह सुन कर उस के चेहरे पर एक तरह से लाली आ गई कि सचमुच यह अस्पताल मेरे लिए बन रहा है । इस लिए यह भावना पैदा करने की जरूरत है कि हम जो कुछ भी करने जा रहे है, वह बडी सजीदगी के साथ गरीबो को उठाने लिए करन जा रहे है । जहा तक को-आपरेटिव फार्मिंग या ज्वायंट फार्मिंग का ताल्लुक है, उस को कामयाब करने के लिए इस बात पर गौर करना चाहिए कि वह किस ढग से और किस तरीके से कामयाब हो सकता है । इस लिहाज से मै सोचता हू कि पहले हमें सर्विस को-आपरेटिव सोसायटीज को मजबूत करना चाहिए । वहा को आपरेटिव सोसाइटिया अगर मजबूत होगी तो इसमे काफी सहूलियत मिल सकती है इस ज्वायट फार्मिंग के काम को । गवर्नमेंट की तरफ से कई स्कीमें चलाई जा रही हैं जैसे स्माल सेविंग्स स्कीम है जिसमें सरकार उसको कमीशन भी देती है जो रुपया जमा करवाने में सरकार की मदद करता है और जो रुपय जमा करवाता है उसको सूद भी देती है । मगर यहा जो सर्विस को-आपरेटिव सोसाइटिया बनेंगी, इनमें तो वे लोग खुद फीस देकर इसके मेम्बर बनेंगे और उसका कोई ब्याज वगैरह भी नही है । इस तरह से रुपया जो जमा होगा वह ज्यादा मुफीद और ज्यादा फायदेमन्द किसानो के लिये हो सकता है अगर जो बातें मैंने बताई है उनको ध्यान में रखा जाये । यह बात तो मानी हुई है कि हमें इसको कामयाब करना है ।

यहा पर एक सवाल मिलकियत के बारे मे भी उठाया गया है और कहा गया है कि मिलकियत खत्म हो जायेगी । लेकिन मै समझता हू कि इसमे मिलकियत खत्म होने का सवाल ही नही है और न ही यह सवाल उठना चाहिये और इसका कारण यह है कि मिलकियत से ही, अपनत्व से ही आदमी मे काम करने के लिये उत्साह पैदा होता है । रशिया मे हमने देखा है कि वहा कोलेक्टिव फार्मिंग है कोलेक्टिव फार्म्स बने हुये है और मिल कर किसान खेती करते है, काम करते है लेकिन रशियन गवर्नमेंट भी इस बात पर आखिर आई है कि कुछ न कुछ जमीन किसान

[ज्ञानी गु० सि० बूलाफिर]

के पास होनी चाहिये जोकि उसकी मिलकियत हो। इसका एक तजुर्बा भी उसने किया है। हमने उन किसानों के घरों में जाकर देखा है कि जिनको रशिया की सरकार ने दो दो और ढाई ढाई एकड़ तक जमीन दे दी है ताकि उसमें वे लोग खुद ही बाग लगा लें, बागीचा लगा लें, गाये रख लें या मुर्गी पाल लें या किसी और तरह का काम कर लें। हमें मालूम करने पर यह बताया गया कि कालेक्टिव फार्म्स के जरिये किसान जितनी आमदनी करते हैं उससे कई गुना ज्यादा आमदनी वे अपने दो दो और ढाई ढाई एकड़ में से कर लेते है। इसका मतलब यह हुआ कि अगर मिलकियत कर खत्म पूरे तौर पर रहे तो इससे उसको एहसास होता है कि यह सब कुछ मेरे लिये हो रहा है और मैं इस काम को कर रहा हू।

यहा पर देहाती और शहरी का सवाल उठाया गया है' लेकिन मैं कोई ऐसा सवाल उठाना नही चाहता हू और इस चीज को मैंने कभी भी पसन्द नही किया है। मैं तो समझता हूं कि अगर शहरी ज्यादा वोकल होंगे, ज्यादा समझदार होंगे तो उनकी मदद से देहात वालो को भी काफी फायदा पहुच सकता है। इसलिये देहाती और शहरी का सवाल उठाने से कोई फायदा नही है। मगर यह बात साफ है कि जो को-ओप्रेटिव सोसाइटिया वगैरह बनाई जाये उनमे जितने भी मुलाजिम रखे जाये, वे चाहे किसी भी को-ओप्रेटिव सोसाइटी के मैम्बर हो, उनमे से ही रखे जाये और देहाती ही रखे जाये। बल्कि मैं तो यहा तक कहूगा कि गवर्नमेंट आफ इंडिया जब भी मुकाबले के इम्तहान ले या रखे तो इसके दो हिस्से बना दे, एक देहातियो के लिये, और एक उन लोगो के लिये जो बडे एडवान्स्ड है। देहातियों के देहातियो मे मुकाबले हो तो फिर उनको ज्यादा चीज मिल सकती है। अपनी चीज हासिल करने का, खुशहाल होने का और नौकरी हासिल करने का ही यह उसूल वहीं बल्कि ऐसा करके ही यह चीज जो है यह अधिक से अधिक फायदेमन्द साबित हो सकती है। मैं साफ तौर पर कह देना चाहता हूं कि मेरे मन में कोई देहाती या शहरी का सवाल नहीं है बल्कि ज्यादा से ज्यादा लाभ कैसे पहुंच सकता है, यही सवाल मेरे मन में है।

एक बात मैं और भी इस सबध में कहना चाहता हू। जो वेस्ट लैंड्स हमारे देश मे पड़ी हुई हैं, उनको काबिले काश्त बना कर, कल्टीवेबल बना कर, इन सोसाइटियो को दे दिया जाये तो बहुत जल्दी हमको अपने मकसद में कामयाबी मिल सकती है बहुत जल्दी अच्छे नतीजे निकलने की आशा की जा सकती है।

एक बात और भी मैं कहना चाहता हूं और मैं चाहता हू कि उस पर बडी सजीदगी के साथ गौर किया जाये और यह अनाज के सकट से सबध रखती है और भावो के कट्रोल के बारे मे है। मैं समझता हू कि अशोक मेहता साहब की अध्यक्षता मे जो कमेटी बनी थी, उसने एक तजवीज पेश की थी और वह तजवीज प्राइस स्टेबेलाइजेशन बोर्ड के बारे में थी। उस तजवीज को मैं समझता हू जरूर अमल मे लाया जाना चाहिये। इसको मान लेने से अन्न सकट पर काबू पाने मे काफी मदद मिल सकती है। मैं आपको बतलाना चाहता हू कि पजाब एक बोर्डर स्टेट होने हुये भी और वहा पर कोई कुदरती हदूद न होने हुये भी इधर हिन्दुस्तान की हदूद के अन्दर सरहद पर एक एक इच भूमि में खेती की जाती है जहा पर बोर्डर बना हुआ है, वहा पर एक तार सी लगी हुई है, और उसी से यह पता चलता है कि यह हिन्दुस्तान है और वह पाकिस्तान। पजाब के किसान एक इच जमीन भी बोर्डर के साथ साथ जोतने से नही छोडते और वहा पर बहुत अच्छी किस्म की कपास पैदा होती है। बोर्डर पर चोरी छिपे या किसी दूसरी तरह

से डाका कोई डाल ले तो डाल ले या हमला कर दे तो कर दे मगर किसान जो है वह इतनी हिम्मत से काम लेता है कि वह आखिरी हद तक बड़े जोर से खेती करता है। इतना होने पर भी पंजाब की यह हालत है, जैसा कि श्री अचिंत राम जी ने कहा है कि वहा भी अनाज के भाव बहुत ऊचे चले गये हैं। इसका कारण यही है कि वक्त पर गवर्नमेंट भावों पर कंट्रोल नहीं करती है और वक्त पर अगर सिचुएशन को सम्भाल लिया जाये तो मैं समझता हू किसी किस्म का कोई सकट पैदा नही हो सकता है।

इस मामले को छोड कर अब मैं एक और बात की तरफ आता हूं। काश्मीर का मसला भी यहा उठाया गया है। जो भाई बड़े जोर के साथ इस बात का दावा करते है कि काश्मीर हिन्दुस्तान के साथ रहना चाहिये मैं उन से कोई विरोध नही रखता हू। यह ठीक है कि काश्मीर जरूर हिन्दुस्तान का एक हिस्सा है। मगर मैं यह भी कहना चाहता हू कि अगर हमारे देश मे फिरकादाराना वातावरण पैदा हो गया तो फिर काश्मीर का मामला हर वक्त सशय मे और शुभे मे ही रहेगा। यह सीधी सादी सी बात है। आज काश्मीर के लोगो मे यह बात घर कर चुकी है कि हिन्दुस्तान मे फिरकादारी की बिना पर कोई हकूमत नही चल रही है और इसमे उन दिनों मे बडा एंथ्यूज्याज्म है। इसीलिये हमारे विधान ने सब से पहली बात रखी गई है कि फिरकादाराना कोई चीज हिन्दुस्तान मे नही होगी और इसी को ध्यान मे रखते हुए सैपेरेट इलैक्टोरेट की बात को उड़ाया गया। मगर फिर भी हमारे देश मे कुछ भाईयों ने किसी न किसी ढग से कोई न कोई बात ऐसे ढग से शुरू कर दी है कि जब इलैक्शन होते है तो इलैक्शन को फिरकादाराना बना कर, उनको लड़ा जाता है। इलैक्शन मे खुदा के नाम पर, ईश्वर के नाम पर और वाहेगुरु के नाम पर वोट लेने का सिलसिला शुरू कर दिया जाता है। मैं समझता हूं कि इस तरह की बातों की रोकथाम करने के लिये सरकार को एक जबर्दस्त कानून बनाना चाहिये जिससे फिरकादारी की बिना पर कोई भी अपील जारी न की जा सके खास तौर पर इलैक्शन के दिनो मे। जितनी बाते ईश्वर के नाम पर होती हैं या ईश्वर भक्ति के नाम पर होती है, वे सब बेसलेस होती हैं। मुझे एक खूबसूरत-सा शेर याद आता है जिसको सुनाये बिना मै नही रह सकता हू :—

खुदा के नाम पर दस्तो गरेबा हू खुदा वाले,
बहुत है जिस कद्र जिक्रे खुदा खौफे खुदा कम है।

खुदा का कोई खौफ नही है लेकिन फिर भी ऐसी बुनियादे बाधी जाती हैं जिससे फिरकादारी और झगडे और हमारे जितने काम हैं, तामीरी काम हैं, उनको नुकसान पहुचे। तो मेरी जो तजवीज है वह यह है कि कोई न कोई ऐसा कानून बनना चाहिये जिससे कि ऐसी सूरतो का मुकाबला किया जा सके और एक दम से किया जा सके।

आज बेशक यह कहा जाता है कि यहा किसी न किसी तरीके से काश्मीर के जो रिप्रिजेंटेटिव हैं वे ठीक ढग से चुन कर नही आते हैं। मैं समझता हू कि अगर हम अपने ठीक मकसद की तरफ आगे बढ़ते गये तो यह काश्मीर का सवाल भी खुद-ब-खुद हल हो जायेगा। अब तक जो काश्मीर के रिप्रिजेंटेटिव थे वे और ढंग से चुन कर आते थे। इसके बाद असैम्बली बनी तो असैम्बली द्वारा चुन कर वे आने लगे। कुछ दिनो के बाद यह सारी चीज हल हो सकती है। मैं खुद इस बात को महसूस करता हू कि जब हम जम्मू मे आगे काश्मीर की तरफ बढते हैं तो हमे थोड़ा सा अहसास होने लगता है जब हमे परमिट इत्यादि दिखाना पडता है कि जम्मू और काश्मीर कोई अलहदा चीज हैं। वे चीजे डिफेंस को मद्देनजर रखते हुए ठीक भी हो सकती हैं या कोई और चीजे इसको करने के

[ज्ञानी गु० सि० मुसाफिर]

पीछे हो सकती है या कोई रुकावटें हो सकती हैं लेकिन मैं समझता हूं कि दरअसल फिरकापराना बातों के हट जाने से यह सारी चीज दूर हो सकती है।

अगली चीज जो मैं कहना चाहता हूं यह है कि राष्ट्रपति जी ने शरणार्थियों के लिये भी एक पैराग्राफ लिखा है जिस के अन्दर दंडकारण्य का जिक्र आता है। मैं समझता हूं कि वहां पर जो जमीनें आबाद की जा रही हैं उन के सिलसिले में पंजाब के शरणार्थियों का भी ख्याल किया जाना चाहिये। आज वेस्ट पंजाब से आये हुए शरणार्थियों के लिये काफी कुछ हुआ है, लेकिन फिर भी अभी लोग ऐसे हैं जो जमीन जमीन करते हैं। अगर उन के पास जमीन हो तो उन के अन्दर शक्ति है ताकत है और वह काफी पैदावार कर सकते हैं तो उन को क्यों न फायदा उठाने दिया जाये। पंजाब के किसानों को भी जितना ज्यादा तादाद में वहां बसाया जा सके वहां पर उन को आबाद किया जाना चाहिये।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं अपनी कांस्टिटुएन्सी के मुताल्लिक क्योंकि मैं अमृतसर से आता हूं जो कि एक मिली जुली कांस्टिटुएन्सी है। उस में आधा हिस्सा शहर का है और आधा देहात का।

श्री दी० च० शर्मा (गुरदासपुर) एक हल्का गुरदासपुर का भी है।

ज्ञानी गु० सि० मुसाफिर: राष्ट्रपति जी ने अपनी स्पीच के पैराग्राफ १४ में इस बात को माना है कि सूती कपड़े का जो उद्योग है उस को बड़ी ठेस पहुंची है। मेरे पास इतना वक्त नहीं कि मैं बतला सकूं कि कहां कहां पर उन को ठेस पहुंची है। हालांकि मैं उन को अच्छी तरह से जानता हूं, फिर किसी वक्त कहूंगा अगर मौका मिला। मगर इस तरफ जरूर ध्यान देना चाहिये कि सूती कपड़े को जो नुक्सान पहुंचा है उस का बहुत सा हिस्सा अमृतसर के जिम्मे आया है। अमृतसर एक ऐसी जगह है जो कि पंजाब का एक दरवाजा है जिसमें सारे पंजाब को सहूलियतें मिलती हैं। अमृतसर ही आजादी की लहर में भी शरीक रहा है। सारी ऐक्टिविटीज जो देश की आजादी के लिये की गईं, उस में उस का हिस्सा रहा है।

एक बात मैं मि० दौलता के मुताल्लिक कहना चाहता हूं। मुझे पंजाबी सूबे की बात कहनी है क्योंकि उन्होंने बड़े जोर से पंजाबी सूबे की वकालत की है। उन की मरजी है, वह करें। मगर मैं तो समझता हूं कि पंजाबी सूबा बना ही हुआ है। उन को उसी को पंजाबी सूबा मान लेना चाहिये। अगर कोई और हिस्सा उस में आता है तो जरूर आ जाये, हिमाचल भी आ जाये, मेरठ भी आ जाये, और भी बड़ा सूबा बन जायेगा। वह सारा ही पंजाबी सूबा है। हम लोग जबान के झगड़े में न पड़ें। वहां जो लोग रहते हैं उन सब की जबान पंजाबी और हिन्दी है। हिन्दी तो सब को पढ़नी ही है भले ही वह पंजाब के रहने वाले हों। अब उन को चाहिये कि वह पंजाबी पढ़ना शुरू कर दें। बस पंजाबी सूबा बना बनाया हुआ है। इसमें फर्क क्या है। उस में कोई ऐसी बात नहीं है। हो सकता है नये सिरे से उन्होंने इस चीज का इस लिये कहा हो कि शायद पंजाबी सूबा बनने से हरियाना का सूबा भी अलग बन जाये। नहीं तो मैं समझता हूं कि पंजाबी सूबा बना हुआ है।

डिप्टी स्पीकर साहिब आप को पता है कि पार्लियामेंट की लैंग्वेज कमेटी बनाई गई थी मैं भी उस का एक मेम्बर था। मेरा यकीन है कि अगर उस कमेटी के चेअरमैन पंडित पंत न होते तो बड़ी दिक्कत हो जाती। उन के लिये लोगों के दिल में जो मान है उस

की वजह से या जो उन का काम करने का ढंग है उस की वजह से, सारा मामला ठीक हो गया वरना हर एक फिकरे के लिये झगड़ा होता। अक्सर ऐसा हुआ कि एक एक फिकरे के लिये झगड़ा हुआ लेकिन वह तय भी हुआ। अब भी एक भाई ने राज्य सभा में बड़े जोर से यह कहा, बंगाल, आसाम और साउथ के यह जो प्राविसेंज हैं उन पर अगर हिन्दी ठौंसी गई तो वे यह सोचेंगे कि यूनियन से ही अलग हो जायें। पार्लियामेंट के मेम्बर तक ऐसी बातें कहते हैं। इस लिये इस लैंग्वेज के सवाल को जितना ही कम उठाया जाये उतना ही बेहतर है। हम लोग स्टेट्स रिआर्गेनाइजेशन के सिलसिले में काफी तजुर्बा कर चुके हैं और बार बार इन बातों को पार्लियामेंट में कहने से कोई फायदा नहीं है।

इन अल्फाज के साथ राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के सम्बन्ध में जो थैंक्स का मोशन पेश किया गया है मैं उसका समर्थन करता हूं।

Shri Naushir Bharucha (East Khandesh): Mr. Deputy-Speaker, Sir, in the year 1958 we felt that the problems that the country was facing were such that 1958 was going to be a year of crisis, but 1959 has inherited such gigantic problems that we are again wondering whether this will not be a year of destiny for our nation.

It is perhaps natural that the question of food should have occupied much of the time of this House. The hon. Food Minister said that 68·7 million tons of foodgrains had been produced, and in the coming forecast, the production is expected to reach 70 million tons. And rightly, people have asked 'Then, how is it that this production is side by side with increasing prices, and in fact, prices so high that they are absolutely beyond the reach of the masses?'

In the first place, it appears to me that the figures which are quoted are not correct. Our statistics have been in a deplorable position, and statistics relating to food are the least reliable. And the Government is proceeding on a certain revolutionary plans for increasing food production. In the first place, with regard to State trading in foodgrains, I think on principle the project is sound. Apart from the fact that it will enable the agriculturist to have a better price for his produce, it is conceivable that State trading in foodgrains will largely do away with smuggling of foodgrains, hoarding of foodgrains and other antisocial activities with which food in particular is associated. But I am not unmindful of the dangers by which wholesale trade by State in foodgrains is going to be accompanied. In the first place, we have got no machinery all over the country, and in a large measure, we have to rely upon those very dealers whom we desire to oust. It is conceivable, therefore, that those reluctant parties who may carry out the projects may themselves be very keen in sabotaging them. We have got too few co-operatives which can undertake distribution of foodgrains in the remotest corners.

There is also a huge problem of financing the trade which at a very modest estimate would cost about Rs. 800 crores in investment. There is also the grave problem of storage of foodgrains. The hon. Food Minister once said that if storage could be satisfactorily managed, a great deal of deficit would be diminished. Storage is one problem where this Government is likely to fail. But in spite of that, I feel the time has come when the State must try that experiment, and I think the wishes of the people will go with the State for its success in this attempt.

The other experiment which the Government is bent upon trying, namely, collective farming or co-operative farming or joint farming—by various names it has been called—is an experiment on which I keep an open mind. I am not prepared one way or the other to pronounce right now that it is going to help increase

[Shri Naushir Bharucha]

production or that such an enterprise is bound to fail. In fact, we have been told that there are over 2000 farms where joint cultivation is being undertaken But I was surprised when yesterday or the day before the hon Minister, in reply to a question in the Lok Sabha, said that he was not even aware of the fact whether production in these joint cultivation experiments showed an increase in comparison over production in other private-owned fields It is rather surprising that when the Government talks of a revolutionary measure of such magnitude, which might affect the living conditions of one-seventh of the population of the world, there has not gone enough thinking into this project, and we are talking without having facts and statistics with us I should have thought that if we had in India 2000 experiments going on in joint cultivation, surely the Minister should have looked into this matter in greater detail and found out whether they are capable of fulfilling the purposes which they have in view But it is a matter of surprise that so little thinking has gone into the project that today even the vocabulary we use, the phrases we use—joint cultivation or joint farming or co-operative farming—are used as if they are interchangeable terms which they are not

I, therefore feel that in a revolutionary experiment of this character which will completely alter our problem of food supply—one way or the other, one does not know—the Government should have laid down a code for joint farming which would describe how our co-operatives are to function, which would describe in terms of a common denominator the lands and other implements of cultivation brought in by integrating farmers—the common denominator on which they would proceed What I mean is this Suppose a farmer brings in 10 acres of land which is rocky and not fertile and another person brings in 10 acres of land which is extremely fertile with a well and everything, suppose a farmer brings in a pair of bullocks which are rotten and another brings in another pair of bullocks which are certainly healthy and capable of doing work How are these things to be reduced to a common denominator in order to enable the production to be ultimately distributed amongst them on basis of equity and fairness? We do not have anything of this kind We are not even aware of how the various problems arising out of joint cultivation or joint farming would be solved

In fact, the hon Prime Minister was frank enough to admit that he could be asked a hundred questions on joint farming very awkward questions which he would not be able to answer I ask in a matter like cultivation, when we are experimenting with the destiny of one seventh of the population of the world, should the Government devote so little thinking into the making of that project into the formulation of that project? Nobody seems to have thought about it seriously

I am, therefore, of the opinion that if the experiment is to be tried out, it should be tried out with surplus land which would be available when a ceiling is introduced on existing lands There would be available a lot of surplus land This experiment should, in the first place be tried out in a dozen talukas in each of the States The experiment should have guidance from Government There should be a code informing people—there should be a manual prepared—as to how joint cultivation can be successful, what are the principles on which the produce would be divided what are the bases on which integration of various lands and farming implements would take place All these things should be publicised, and popularised and then it should be tried out in other talukas Subsequently,

the experiment may be extended in the light of the experience we gain

Connected with the question of food, there is another important problem, namely, unemployment It is a tragedy that as our Five Year Plans have progressed, there has been more and more unemployment The Second Five Year Plan is expected to produce 8 million jobs—which it will not produce—and the Third Five Year Plan, to make up the deficit of the Second, will have to produce between 15-16 million new jobs Any Plan which produces 15-16 million jobs would have to be of an order, of much higher than an investment of Rs 10,000 crores Obviously, we cannot do that But the tragedy of the thing is deepened by the fact that even while we have got industries in this country which are closing day after day, the Government does not take steps to take over those industries and run them In my own constituency, there are three industrial concerns—a textile mill in Jalgaon, another textile mill in Chalisgaon and a factory at Pachora which produces vanaspati ghee All these have been closed—one is partially closed Yet the Government does not take up the matter in hand Why? Because it says that the Industries (Development and Regulation) Act does not permit it, does not give it power enough We are here day after day passing amending legislation Why cannot we take power for this purpose? Take, for instance, the case where vanaspati ghee is manufactured at Pachora The factory the machinery, everything is absolutely in order Of course, the machinery and everything has been mortgaged The question would be what is to happen to the mortgagee? In that case, my suggestion has always been that the mortgagee can be paid off in transferable bonds bearing 4 per cent interest repayable at the end of 20 years out of the profits of the concern and the concern must go unencumbered to the Government and the Government must run it

It is tragic that while we are hunting and trying to create new industries, to create more employment, old industries are closing down for want of good management, due to quarrels among partners and so forth, and the State looks on helplessly saying that they have not got the power, when day in and day out we can take power and see that these industries do not close down

One word about taxation and the magnitude of our Plan I am convinced that the coming Budget is likely to impose on us at least Rs 20 crores of new taxation I doubt, even if it imposes that, whether it can make both ends meet so far as the Plan is concerned Within the next two years—after the third year which is practically over—we have still to spend Rs 2200 crores if we want to reach the target of Rs 4800 crores or, even for the matter of that, Rs 4500 crores Wherefrom are we getting these Rs 2200 crores? Nobody knows I doubt whether the Finance Minister himself knows In this House, we have repeatedly asked, 'At least let us know broadly what are your internal resources How do you propose to get over the next two years Rs 2200 crores out of which $700 million will be the foreign exchange content?' Where are we getting this amount from? Still we are talking airily of a Third Five Year Plan running into an investment of Rs 10 000 crores I submit it is up to the Government to reply to this

In conection with our foreign policy, I submit by and large, our foreign policy is appropriate and the only one which we could have adopted in the circumstances in which we are situated A policy of non-alignment is the only policy which a country like India situated in a dangerous world can adopt

Today, in South East Asia, I was told by a British M P that India is looked upon as the leader of South

[Shri Naushir Bharucha]

East Asia Why? Because of our foreign policy of non-involvement and efforts to relieve world tension I am not satisfied that in the matter of reinforcing world peace we have done enough We have done practically nothing And, if smaller nations are brought together and if a sort of what we may call a Third Force is created, it will be definitely a force in favour of peace, then, I am of the opinion that we shall have contributed something substantial to the stabilising of world peace

It may be argued, what can a coalition of cripples, smaller nations who are attached either to one Bloc or the other, do in the existing circumstances? These small nations are also aware of the fact that if a world war breaks out, then, they will also be the victims And, if they are attached to one Bloc or the other, they are more attached to their own instinct of self-preservation And, I think, some effort should be made in this direction

Mr Deputy-Speaker, I do not desire to take much of your time But I do feel that unless in the year 1959 the food question is solved and solved satisfactorily, there may be no Third Five Year Plan in 1961

श्री रा० क० वर्मा (निमाड) उपाध्यक्ष महोदय, महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जो धन्यवाद का प्रस्ताव रक्खा गया है उस के पक्ष और विपक्ष मे बहुत से माननीय सदस्यो ने अपने विचार रक्खे है । मैं भी अपने कुछ विचार इस सम्बन्ध मे रखने का प्रयत्न कर रहा हू ।

जहा तक राष्ट्रपति के अभिभाषण का सवाल है, उस अभिभाषण के अन्तिम के दो पैराग्राफो अर्थात् ५३ और ५४ के अन्दर जो बातें कही गई है, उनके ऊपर हमारे देश की तरक्की और हमारे देश का विकास आधारित है । अब यहा पर यह विचार करने की जरूरत है कि जो बातें अन्तिम पैरो में कही गई है, वे हमारे देश के अन्दर मौजूदा स्थिति मे कहा पर देखने को मिल रही है ? उन पैरो के अन्दर शान्ति, सगठन और हमारे माननीय सदस्यो का और देश का सहयोग चाहा गया है । जो देश के विकास के लिये निहायत जरूरी है , और किसी भी देश ने दुनिया के अन्दर जो तरक्की की है वह सगठन, सहयोग और शान्ति के आधार पर ही की है । जहा पर सगठन, सहयोग और शान्ति है वह देश सभी प्रकार से अपना विकास कर सकता है । हम रशिया की बात करते है । रशिया में भले ही सगठन न हो, शान्ति न हो, सहयोग न हो, लेकिन उन्होने इस एक तरह से नही दूसरे तरीके से, जबरदस्ती से, बल से, शान्ति, सहयोग और सगठन बनाने का प्रयत्न किया । इसलिये आज रशिया इतना आगे बढा है । अमरीका मे पैसे या सत्ता के जरिये या दूसरी तरह से उन्होने शान्ति, सहयोग और सगठन बनाया है । आज चीन का उदाहरण हमारे विरोधी मित्र देते है । लेकिन चीन में सगठन नही था, सहयोग नही था, और शान्ति नही थी । यही कारण था कि चीन की इतनी बुरी हालत रही । लेकिन जब सत्ता के द्वारा, बल के द्वारा, शक्ति के द्वारा सगठित करने की कोशिश की गई सहयोग मिला, शान्ति पैदा हुई तो आज वह आगे बढ रहा है । हमारे देश की स्थिति भिन्न प्रकार की है । हमार देश ने प्रजातन्त्र को अपनाया है । सभी को आजादी और स्वतन्त्रता मिली हुई है । लेकिन बडे दुख के साथ कहना पडता है कि कुछ करने के बजाय हमारी एक यह आदत पड गई है और यह एक हमारा फैशन बन गया है कि करप्शन को हटाने के लिये, विकास के लिये, और दूसरे कामो के लिये केवल हम गाधी जी और विनोबा जी का नाम लेते है । और उनका नाम ले कर हर काम उनके विपरीत

कर रहे हैं । हमारे हाथ पैर नही चलते । हमारा दिमाग नही चलता । लेकिन हमारी जबान बहुत ज्यादा चलने लग गई है । आप देश की किसी भी राजनैतिक पार्टी को देख लीजिये, उसके अन्दर फूट है, असहयोग है, अशान्ति है । और यही कारण है कि जो कि राष्ट्रपति जी ने कहा है, आज हम उस दिशा से विपरीत दिशा मै काम कर रहे है । मै यह निवेदन करना चाहता हू कि राष्ट्रपति जी ने इन दो पैराग्राफ मे हमारा बहुत कुछ मार्गदर्शन किया है । अगर हम उस चीज को लेकर चलते है तो हम अपनी तरक्की कर सकते है । हम अपना विकास कर सकते है ।

विरोधी पक्ष के सदस्यो ने करप्शन की बात कही । दरअस्ल यह सही बात है । मै कहता हू कि उन्होने जो सही बाते कही हैं उनका हमे स्वागत करना चाहिये और हमारे ही पक्ष के लोगो ने जो गलत बाते कही है हमें उनका विरोध करना चाहिये । इतनी हिम्मत, इतना साहस और इतनी नैतिकता जब तक हमारे अन्दर नही होगी, तब तक हम तरक्की नही कर सकते यह मानी हुई बात है । लेकिन मै एक निवेदन करना चाहता हू । कोई कहता है कि करप्शन नीचे से है, कोई कहता है कि ऊपर से है, श्रीमान, हर जगह करप्शन मौजूद है । हमारे विरोधी पार्टी के कम्युनिस्ट मित्रो ने करप्शन की बात कही है । श्रीमान, अभी हल्दी भी नही सूखी है । आप देखे केरल के अन्दर क्या हुआ । मै यह निवेदन करना चाहता हू कि केरल के अन्दर गवर्नमेंट बने ज्यादा दिन नही हुये, हमे पढने को मिला कि केरल गवर्नमेंट ने आन्ध्र से बहुत सा चावल खरीदा और वह अपनी पार्टी के एक सदस्य द्वारा । उन्होने महगे भाव से केरल के लिये आन्ध्र से चावल खरीदा और उनकी पार्टी के सदस्य द्वारा जिस सदस्य को ऊपर से ५० हजार का फायदा हुआ । यह सब हमको पढ़ने को मिला है । यह एन्क्वायरी मे भी आया है । मै उन माननीय सदस्यो से कहना चाहता हूं कि अगर आप दूसरो पर कीचड उछालते है, तो अपना मुह भी आइने मे देखिये । जब आप अपना मुह आइने मे देखेंगे तो आपको पता लगेगा कि आप कहा है । आज हर एक दूसरे पर आरोप लगाता है । लेकिन अपनी खुद की तो बात करिये । हमने देखा कि केरल मे कम्युनिस्ट सरकार बनने के पहले जहा भी गोली चली या लाठी चली तो कम्युनिस्टो द्वारा यह कहा जाता था और आन्दोलन किया जाता था कि लाठी गोली की सरकार नही चलेगी, नही चाहिये। श्रीमन्, केरल मे कम्युनिस्ट सरकार बने जब १५ महीने भी नही हुये थे, वहा कितनी बार गोली और लाठिया चल चुकी, कितने मरे और घायल हुये ? पर वह सरकार वहा क्यो चल रही है ? इसलिये मै यहा यह निवेदन करना चाहता हू कि हमारे विरोधियो को यह समझ लेना चाहिये कि दूसरे के ऊपर तो कीचड उछालना आसान है । लेकिन हम क्या कर रहे है? हर एक व्यक्ति, हर एक सस्था स्वय अपने पैरो को देखे कि वे कहा खडे है । मोर कितनी अच्छी बोली बोलता है, लेकिन जब वह अपने पैरो को देखता है तो उसकी भी आख मे आसू आ जाते है । तो मै विरोधी पार्टियो के सदस्यो से यह निवेदन करूगा कि आप ऐसी बाते करते है, लेकिन आप अपनी पार्टी के बारे मे भी कुछ विचार करिये । श्रीमन्, यहा पर कई विरोधी पार्टी के सदस्यो ने और कम्युनिस्ट पार्टी के लीडर श्री डागे जी ने मथाई और मूदडा की बात कही । मैं यह मानता हू कि काग्रेस पार्टी हो, या गवर्नमेंट हो या कोई भी हो, ऐसे एलीमेंट को खत्म कर देना चाहिये । जरा भी रियायत नही करनी चाहिये । लेकिन हो क्या रहा है ? लेकिन हो यह रहा है कि ऐसे एलीमेंट को सहयोग और सम्मान दिया जाता है । फिर उस अवस्था मैं देश मे क्या होने वाला है । मूदड़ा का किस्सा पिछली साल पार्लियामेंट में

[श्री रा० कृ० वर्मा]

काफी चला । लेकिन हमने सुना कि मूदड़ा ने कलकत्ते में पूजा के दिनों में खाने पीने का कोई आयोजन किया उसमें कम्युनिस्ट पार्टी के माननीय सदस्य जो यहा उनकी पार्टी के डिप्टी लीडर हैं मुख्य अतिथि के तौर पर उसमे शामिल हुये । यहा तो कम्युनिस्ट मित्र सारी बाते करते हैं—कभी मूदड़ा की और कभी मथाई की—और दूसरी तरफ उनको ही सहयोग भी देते है । इस हालत मे मूदड़ा क्या नही कर सकते । हमने पार्लियामेंट मे बड़ी बड़ी चर्चा सुनी और सुना कि छागला कमीशन के सामने एवीडेंस के लिये जब कि कम्युनिस्ट पार्टी के लीडरो से कहा गया कि आपको भी इस सम्बन्ध मे कुछ कहना है तो कहिये, उन्होने कहा कि हमें कुछ नही कहना और उसके सामने गये तक नही । लेकिन यहा पर वह गवर्नमेंट पर हमला बोलते हैं । यह हमारी नैतिकता है । यही हमारे अन्दर राष्ट्र धर्म है । हम कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं ।

हमारे विरोधी पार्टी के सदस्यो द्वारा अक्सर यह कहा जाता है कि यह पूजीवादी सरकार है । इस सरकार पर पूजीपति लदे हुये हैं । लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हू कि केरल मे जो केरल सरकार का बिडला जी के साथ समझौता हुआ है वह यह मेरे पास मेरे सामने है । इस एग्रीमेंट में जो कि श्री बिडला और केरल सरकार में हुआ है बहुत सी बाते है, वह बहुत लम्बा चौडा है । माननीय अध्यक्ष, आप कहे और आज्ञा हो तो सदन की टेबल पर रख दू ।

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण के पैरा नम्बर २७ में यह जिक्र किया है कि उद्योगपति, मजदूरो और सरकार मे एक समझौता हुआ है । वह अनुशासन के सम्बन्ध मे समझौता हुआ है कि कोई भी एक पक्षीय कार्रवाई न करे । किन्तु, श्रीमान्, केरल की कम्युनिस्ट सरकार ने जो बिडला जी के साथ समझौता किया है वह एक पक्षीय ही नहीं है बल्कि संविधान के भी खिलाफ है । एक बोर्ड ने या अदालत ने यह फैसला कर दिया है कि प्राफिट के अन्दर अमुक डिप्रिसियेशन निकाला जायेगा, अमुक डिवीडेंड निकाला जायेगा, मशीनरी को बदलने के लिये अमुक रकम निकाली जायेगी, रिजर्व के ब्याज का इतना परसेंटेज रखा जायेगा, और बाकी रकम जो बचेगी यह मजदूरो को बोनस के तौर पर बाटी जायेगी । पर केरल गवर्नमेंट ने जो बिडला जी के साथ एग्रीमेंट किया है उसमे यह कहा है कि प्राफिट के ऊपर मजदूरो को बोनस नही दिया जायेगा, हम प्रोडक्शन बोनस देगे । श्रीमान्, यह तो सदा से पूजीपतियो का कहना और पक्ष रहा है, आज से नही वर्षों से है कि प्रोडक्शन बोनस दिया जाये प्राफिट पर नही किन्तु हमने इस बात को स्वीकार नही किया और न अदालत ने ही । लेकिन प्रोडक्शन बोनस अलग चीज है और प्राफिट बोनस का एक अलग फारमूला है और प्रोफिट शेयरिंग के सिद्धान्त को सर्व सम्मति से स्वीकार किया जा चुका है । प्राफिट के अन्दर गवर्नमेंट भी शरीक है, प्राफिट के अन्दर मजदूर भी शरीक हैं, और इन्डस्ट्री भी शरीक है । मै निवेदन करना चाहता हु कि विरोधियो की सारी बाते कहने के लिये ही है, करने के लिये नही । करनी और कथनी अलग अलग है । किन्तु यह चीज ज्यादा चल नही सकती ।

उस एग्रीमेंट मे यही एक बात नही है । कितनी ही बाते हैं । डिसिप्लिन की बात है । कारखाने मे डिसिप्लिन नियम किसका होगा और ग्रीवास प्रोसीज्योर क्या होगा ? वहा उस कारखाने मे बिडला जी का होगा । नैनीताल कानफ्रेंस में और दिल्ली के अन्दर जो सन् १९५७ मे इंडियन लेबर कांफ्रेंस हुई थी उसके अन्दर यह तै हुआ था कि इंडस्ट्री मे डिसिप्लिन जो नियम गवर्नमेंट, उद्योगपति और श्रमिक इन तीनो द्वारा तैयार

किये जायेंगे वे होंगे । जब उस कान्फ्रेंस के अन्दर यह तय हो गया कि डिसिप्लिन इन इंडस्ट्री इस तरह से रहेगा, ग्रीवेंस प्रोसीजर यह होगा, तो क्या कारण है कि केरल की सरकार ने बिड़ला जी के साथ बैठ कर यह तय कर दिया कि नहीं केरल के इस कारखाने में तो केवल बिड़ला जी द्वारा तैयार किये गये नियम डिसिप्लिन इन इंडस्ट्री होगा और उन्हीं द्वारा तै किया गया ग्रीवेंस प्रोसीजर भी होगा । इस सब का क्या मतलब है ? हम पार्लियामेंट में बैठ कर कोई नीति निर्धारित करते हैं और कहते हैं कि भविष्य में यह होगा लेकिन केरल के अन्दर हम देखते हैं कि उल्टी गंगा ही बह रही है ।

इस पार्लियामेंट के अन्दर हमारे विरोधी दल के कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों ने विदेशी पूंजी को आमंत्रित करने का विरोध किया है किन्तु वहां केरल की सरकार का बिड़ला जी ने यह साफ साफ बता दिया है कि यहां जो कारखाना डाला जायेगा और चलेगा वह अमरीकी पूंजी से ही चलेगा और इस पर केरल सरकार कहती है कि यह एग्रीमेंट बड़ा भारी और प्रगतिशील हमारा कदम है । मैं कहना चाहता हूं कि विरोधी दल के माननीय सदस्यों के लिये यह समझ लेना आवश्यक है कि वे क्या कहने आ रहे हैं और उनकी गवर्नमेंट केरल में क्या कर रही है ।

अब मैं जो असली चीज है और जिसको लेकर जनता में हाहाकार मचा हुआ है उस पर आना चाहता हूं और वह अनाज की महंगाई के बारे में है । सन् १९५७ में मैंने इसी पार्लियामेंट के अन्दर अनाज समस्या के बारे में अपने विचार व्यक्त किये थे और काफी मैटर इस सदन के सामने तथा माननीय मंत्री महोदय के सामने रखा था । लेकिन मैं समझता हूं कि माननीय मंत्री महोदय को एक आदत सी पड़ गई है और इन्हीं मंत्री महोदय को नहीं बल्कि सभी मंत्रियों को पड़ गई है कि जो अंग्रेजी में लिखा हुआ आयेगा उस पर तो वे गौर करेंगे और जो अंग्रेजी में बात की जायेगी, उसे तो वे सुनेंगे लेकिन जो हिन्दी में लिखा हुआ आयेगा या जो हिन्दी में बात की जायेगी, उसको न वे पढ़ेंगे और न ही उस पर कोई ध्यान देंगे । जो लोग राष्ट्रभाषा में बात करते हैं, उनकी कोई सुनता ही नहीं । इस तरह की बातों में क्या आप राष्ट्रभाषा की कद्र कर रहे हैं यह मैं पूछना चाहूंगा । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर मेरे १९५७ के भाषण के प्रोसीडिंग्स जो अनाज समस्या पर दिया गया था को निकाल कर मंत्री महोदय देखेंगे तो उन को पता चल जायगा कि जिस बात के लिये वह आज पश्चाताप कर रहे हैं उस का आज उन को पश्चाताप न करना पड़ता अगर उन्हों ने मेरी बात पर उस समय ध्यान दिया होता । मैं आज फिर निवेदन करना चाहता हूं कि आप कुछ भी कहे या कुछ भी करे लेकिन हमारे देश के अन्दर अनाज की कमी नहीं है और अनाज का काफी उत्पादन हमारे देश के अन्दर होता है और सच बात तो यह है कि उत्पादक किसान तो पैदा करता है और जो कन्ज्यूमर उपभोक्ता है उस को उत्पादित चीज प्राप्त नहीं हो पाती है होती है तो बहुत मंहगी । सच्चे मानें में आज क्या गवर्नमेंट के ऊपर और क्या राजनैतिक पार्टियों के ऊपर वितरक का असर है और जो वितरण करने वाले हैं उन का असर होने से ही आज यह सब हालत और हाहाकार है । जो वितरक लोग हैं वे शासन को कहिये या राज व्यवस्था को कहिये, या जनता को कहिये, उस को कभी भी खतरे में धकेल सकते हैं और धकेल रहे हैं । इसवास्ते यदि सारी चीज पर विचार किया जाये तो पता चलेगा कि जितना हमारा उत्पादन है चाहे वह गल्ले का हो या किसी दूसरी चीज का, उस का वितरण सही ढंग से जिस ढंग से होना चाहिये, नहीं हो पाता है । आज जो पैदा होता है उस को सही तरीके से जरूरतमन्द लोगों तक, उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की आवश्यकता

[श्री रा० क० वर्मा]

है जो कि आज नही पहुच पा रहा है। आज केवल अनाज के ही भाव नही बढे है बल्कि लकडी कोयले के भाव भी बहुत ऊचे चले गये हैं, केरोसीन के बहुत ऊचे चले गये है। सभी चीजो के भाव बहुत ऊचे चले गये है क्यो क्या इन का भी उत्पाद घटा है या नही। मै आप को बतलाना चाहता हू कि मेरे प्रदेश के अन्दर जहा अनाज बहुत ज्यादा पैदा होता है वहा पर बाहर के व्यापारियो ने उसी गेहू को जिसे उन्हो ने किसानो से १२ रुपये और १३ रुपये मन खरीदा आज ३६ रुपये मन बेच रहे है। इस खरीद और बेचान की बात का अभी ज्यादा देर भी नही होने पाई है, यह सब चीज केवल आठ महीनो के अन्दर अन्दर ही हुई है। मान लीजिये थोडी देर के लिये कि आप ने भाव बाध दिये

उपाध्यक्ष महोदय आप जल्दी से खत्म कीजिये, कुछ और माननीय सदस्य भी बोलना चाहते है।

श्री रा० क० वर्मा मै निवेदन करना चाहता हू कि किसी भी माननीय सदस्य ने इस विषय पर सविस्तार नही कहा है और इस सम्बन्ध मे कुछ विशेष कहने के लिये मुझे आप थोडा ज्यादा समय दे।

उपाध्यक्ष महोदय दो तीन मिनट मे आप अपनी बात कह लीजिये क्योकि और भी माननीय सदस्य बोलना चाहते है।

श्री रा० क० वर्मा मै कहना चाहता हू कि खाद्य पदार्थों के अधिक भाव बढने से जो गरीब लोग है उन की सारी की सारी आमदनी खाद्य पदार्थों की खरीद के अन्दर ही खर्च हो जाती है और इन के ही अन्दर पूरी आमदनी के खर्च हो जाने से दूसरी जरूरत की चीजे है उन को वे खरीद नही पाते है। अगर इस का कोई हल नही निकाला गया और कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो हमारे देश मे भयकर बेकारी पैदा होने का खतरा पैदा हो सकता है। इस का कारण यह है कि लोगो की खरीदने की शक्ति घट रही है और इस का नतीजा यह हो रहा है कि खाद्य पदार्थों को खरीदने के बाद उन के पास पैसा नही बच पाता है और जब पैसा नही बच पाता है तो दूसरी जो वस्तुये तैयार होती हैं उन को कौन कैसे खरीदेगा और अगर कोई नही खरीदेगा तो स्टाक जमा हो जायेगा और जो लोग उन्हे तैयार करने में लगे हुए है वे बेकार हो जायेंगे। इस तरह से एक दूसरी ही समस्या बेकारी की हमारे देश में पैदा हो सकती है।

उपाध्यक्ष महोदय, बेकारी का तो था वैसे ही भयकर हाल है फिर गवर्नमेंट की भी यह मान्यता हो गई है कि कोई भी समस्या हो उसे हल करने के बजाय टालने की गरज से उस की जाच के लिये बोर्ड स्थापित कर दिये जाते है, कमेटिया बिठा दी जाती है। कमेटिया बना कर के लोगो को घपले मे डाल दिया जाता है और जब अरसे के बाद कमेटिया अपनी रिपोर्ट दे भी देती है तो उन की राय को शासन द्वारा कोई वजन नही दिया जाता है। मै टैक्सटाइल इन्क्वायरी कमेटी की ही बात को लेता हू। उस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट के पैरा ६० और ६१ मे इस बात पर जोर दिया था कि जो कपडा मिले बन्द है या बन्द होने वाली है या बन्द होने लायक है उन के चलाने के लिये एक आटोनामस कारपोरेशन बना दी जाय और उस कारपोरेशन के अन्दर गवर्नमेंट के प्रतिनिधि हो, मिल मालिको के हो, और साथ ही साथ मजदूरो के हो। इस चीज को तीनो ने एक राय मे तय किया। अब गवर्नमेंट यह कहती है कि इस कमेटी की रिपोर्ट को तो हम स्वीकार करते है लेकिन ये जो दो पैराग्राफ है जिन मे कारपोरेशन का जिक्र है, इस को स्वीकार करने के लिये हम तैयार नही है।

श्रीमन, एक तरफ कारखाने चालू करने की बात की जाती है, इम्पोर्ट की बात की

जाती है दूसरी तरफ एक्सपोर्ट की बात भी की जाती है। लेकिन जो कारखाने चल रहे हैं जिन्हें चलते रहने दिया जा सकता है और जिन के बारे में तीनों की एक राय है, उसे स्वीकार करने के लिये और उन को चलाये रखने के लिये गवर्नमेंट तैयार नहीं है। एक तरफ आप कहते हैं कि हम एक्सपोर्ट करेंगे और दूसरी तरफ यह हाल है कि अनाज महंगा हो रहा है और उसे हमें विदेशों से बड़ी मात्रा में मंगवाना पड़ रहा है। साथ ही साथ सस्ते अनाज की दुकानें खोली जा रही हैं लेकिन उन दुकानों से गरीब आदमियों को अनाज नहीं मिल रहा है और इस अनाज को ले कर मुनाफाखोरी की जा रही है। जो पैसे वाले लोग हैं, जो बड़े बड़े ब्यूरोक्रेट लोग हैं सस्ते अनाज में से वह आधा अनाज तो पहले ही गुप्त रूप से गायब कर के रख लेते हैं, अपने नौकरों चाकरों को कहते हैं कि तुम्हें प्रति व्यक्ति चार चार आने देंगे और उनकी औरत बच्चों को ले कर अपनी उस दूकान के सामने बिठा देते हैं और वे क्यू में लग कर अनाज वापिस ले जाते हैं। इस तरह से जो अनाज उन के पास वापिस आजाता है उस को देशी अनाज में मिला कर वे लोग अपनी दूकान से बेच देते हैं। सस्ती दूकानें चालू करने का तो यह मतलब था कि अनाज के भाव गिरेंगे, लेकिन भाव गिरे नहीं हैं। बल्कि बेहद बढ़े हैं और आज यह हालत हो गई है कि जहां पहले हम वर्ष में २८ करोड़ का अनाज बाहर से मंगाते थे वहां आज डेढ़ अरब का अनाज हम ने मंगाना शुरू कर दिया है। एक तरफ तो आप फौरन एक्सचेंज की बात करते हैं और दूसरी तरफ यह हो रहा है कि हमारे देश में

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य का समय खत्म हो गया है। श्री अजेश।

पंडित अजनारायण "अजेश" (शिवपुरी) : कृष्णं वन्दे जगतगुरुम्

उपाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर माननीय सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं और जो बातें कह दी गयी हैं उन का पृष्ठ पोषण करना मैं व्यर्थ समझता हूं। सम्पूर्ण अभिभाषण को पढ़ने के पश्चात् मैं इस निर्णय पर पहुंचा हूं कि राष्ट्रपति महोदय ने, देश में जो अर्थ संकट आया है, उस पर चिन्ता व्यक्त की है और हमारे मनों में उत्साह उत्पन्न हो, इस के लिये उन्हों ने एक लम्बी तालिका उन योजनाओं की दे डाली है जो कि देश के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने के लिये चलाई जा रही हैं और जो कि सम्पूर्ण योजनाओं से सम्बन्ध रखती हैं। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री डांगे साहब ने कहा है कि यह अभिभाषण स्फूर्तिदायक नहीं है, प्रेरणादायक नहीं है। अब स्फूर्ति कहां से लाई जाय, कहां से उधार मांगी जाये या किसी से प्रार्थना की जाय कि आप स्फूर्ति पैदा कर दीजिये ? ऐसी दशा में जो वस्तुस्थिति है, उसी का दिग्दर्शन कराया जा सकता है। स्फूर्ति के लिये आवश्यक तौर पर सब्ज बाग दिखाने से भी काम नहीं चल सकता है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने चुनाव लड़ते लड़ते बहुत से सब्ज बाग दिखाये लेकिन कोई परिणाम सामने नहीं आया। वैसे ही सब्ज बाग सत्तारूढ़ होने के बाद भी दिखायें, मैं समझता हूं कि इस से कोई लाभ होने वाला नहीं है।

जो कार्य चल रहा है उस की एक तालिका उन्होंने हमारे सामने रखी है। इस में कोई सन्देह नहीं है कि देश में अर्थ संकट आया है और मैं ने अनेक बार इस सम्बन्ध में निवेदन किया है कि हमारे देश को जो स्वतन्त्रता प्राप्त हुई है वह बड़े भयानक शोषण के पश्चात् प्राप्त हुई है। करीब करीब एक हजार वर्ष तक इस देश का शोषण होता रहा, लूट पाट होती रही, कुछ तो तलवार के बल पर शोषण हुआ और कुछ छल के द्वारा शोषण हुआ। छल और बल दोनों के द्वारा शोषण होने के पश्चात् देश को स्वतन्त्रता प्राप्त हुई। अब उस प्राप्त स्वतन्त्रता में जो हो सकता है, वही किया जा सकता है और वह हो रहा है। इस में सब से बड़ा दोष जो मुझे दिखाई पड़ता है वह एक

[पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश"]

ही है कि अब हमारे शासन के पास देश में आकर्षण पैदा करने के लिये सिवा योजना के और दूसरा कोई मार्ग नहीं रह गया है। प्रथम योजना समाप्त हो गई, द्वितीय पंच-वर्षीय योजना का तीसरा वर्ष समाप्त होने जा रहा है।

इस तृतीय वर्ष में ही तृतीय योजना के सम्बन्ध में रूपरेखा का निर्माण करने की भूमिका का निर्माण होने लगा है। योजना क्या बनती है माना लोग समझते हैं कि सोने पीने के लिये एक नया रास्ता ही निकलने वाला है। जब तक योजना को पूर्ण करने का वायु-मंडल उचित रूप में निर्मित नहीं होगा तब तक योजना केवल कागजों में ही रहेगी जैसा कि हम को दीख रहा है कि प्रथम पंच-वर्षीय योजना के समाप्त होने के पश्चात् भी देश में भयानक अन्न संकट आ गया। उस अन्न संकट के लिये कहा जाने लगा कि कुदरत ने साथ नहीं दिया, प्रकृति ने साथ नहीं दिया, इस लिये आ गया। मगर उस का कारण यह नहीं है। उस का मुख्य कारण यह है कि जिन के लिये हम लाभ लाना चाहते हैं उन के संकटों को दूर करने के लिये योजना में कुछ नहीं था। इसमें कोई सन्देह नहीं कि जब तक किसान को डाइरेक्ट लाभ नहीं पहुंचेगा तब तक अन्न का संकट देश से नहीं जायगा। जो पैदा करने वाले हैं वे नर-कंकाल हैं। वह लोग ठोकर खाते हैं, फिर उठ कर दौड़ते हैं और फिर ठहर जाते हैं। इस वास्ते अगर उन पर ही नवीन योजनाओं का भार लाद दिया जाता है तो चाहे जितनी भी योजनायें बनें वे सफल नहीं होंगी। योजना को सफल करने के लिये एक नये आधार को पेश किया गया। और वह यह है कि कोआपरेटिव बेसिस पर खेती चलाई जायगी।

'ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवाणि निषेवते,
ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति अध्रुवम् नष्टमेवहि।"

जो पास में हो उस को तो छोड़ देते हैं और जो नहीं है उस को पकड़ते हैं। नहीं को तो नहीं ही किया और जो है उस को भी वह भूल जाते हैं। इस तरह देश के लोगों का फायदा कैसे हो सकता है? मैं कहता हूं कि शासन जो भी कार्य करता है, उस में उस को देश का सहयोग मिलना चाहिये। इस में कोई दो मत नहीं है, लेकिन अगर शासन सहयोग मांगे और लोग कहें कि हम असहयोग करेंगे तो काम कैसे चलेगा? आज देश में एक भी पार्टी ऐसी नहीं है जो सामने आ कर सत्ता को हाथ में ले कर चल सके। एक कांग्रेस दल ही बाकी बचा है, वही एक पार्टी है जो कि देश व्यापी है और कदम आगे बढ़ा कर चल सकती है। यों तो दलगत नीति के कारण कोई खड़ा हो कर बोल सकता है कि यह दोष है, वह दोष है, वह खराबी है लेकिन क्या वे लोग देश की बागडोर सम्भालने में समर्थ हैं? वह केवल आलोचना करने में ही समर्थ हैं। ठीक है आलोचना होनी चाहिये लेकिन कम से कम लोक सभा में आलोचना शासन को भला बनाने के लिये होनी चाहिये, न कि पार्टी के प्रोपेगैन्डा के लिये होनी चाहिये। शासन का यह पता लग जाय कि हमारी कमजोरी कहां है, वह लोग भी जनसम्पर्क रखते हैं लेकिन हो सकता है कि भय के कारण कोई पार्टी के सदस्य विरोध न करते हों। जो विभिन्न विचारों के व्यक्ति हैं वे लोग जनता से सम्पर्क स्थापित कर के शासन के सामने इस बात को रक्खें कि देश में एक यह भी प्रतिक्रिया है आप के विचारों की तरफ। शासन को भी गम्भीरता से सोचना चाहिये कि दूसरे लोग भी देश के नागरिक हैं और उन के सामने जो देश की परिस्थिति है वह भी कुछ महत्व रखती है। उन को इस से ही सन्तोष नहीं कर लेना चाहिये कि उन्होंने यह पास कर लिया, वह पास कर लिया। ऐसा विचार शासन का नहीं होना चाहिये, लेकिन शासन हटधर्मी करने तो शासन का भी दुर्भाग्य होगा और देश का भी।

सहकारिता के आधार पर खेती करने की जो बात आप सोच रहे है उस के सम्बन्ध में मेरा यह निवेदन है कि जहा जहा भी सरकार ने को-आपरेटिव बेसिस पर व्यापार किया वहा उस को असफलता ही मिली । मध्य प्रदेश मे जो ग्वालियर का राज्य था उस समय एक जी० एन० आई० टी० कम्पनी चलती थी, चूंकि वह राज्य की थी इसलिये लाभ मे चलती थी । उस समय उस को सरकार नही चलाती थी। जब से वह को-आपरेटिव बेसिस पर चलने लगी है उस का घाटा ही घाटा हो रहा है । ड्राइवर क्लीनर, कन्डक्टर तक ही सारा पैसा रह जाता है और कम्पनी मे घाटा आता जा रहा है । नई मोटरो को पुरानी करके वे बेचते है और दूसरी नई मगवाते है, दोनो मे ही नफा कमाते है । जब इस पद्धति मे काम चलेगा तो लाभ कहा से हो ? अगर चार आदमियो को पकड कर जबरदस्ती खेत पर लगा दिया जाय को आपरेटिव सिस्टम मे काम करने का, तो एक सोचेगा कि दूसरा करे और दूसरा सोचेगा कि तीसरा करे । और इस तरह से काम कोई होगा नही । जब तक कम्पिटीशन नही होगा, जब तक लाभ उठाने की भावना नही होगी तब तक जबरदस्ती मे कोई काम नही करेगा । यह तो एक निश्चित मनोवैज्ञानिक सिद्धान्त है । हा कुछ बन्धन लगा कर काम कराये उन मे कह दे कि तुम को काम करना पडेगा अगर नही करोगे तो गोली मे मार देगे या जेलखाने मे डाल देगे तो भय मान कर भले ही वे कुछ काम कर दे लेकिन भय नही रहा, आदर्श भी नही रहा और राजी भी नही कर सके तो काम कैसे चलेगा ? इस का परिणाम यह होगा कि शासन को भी इस का फल भोगना होगा और देश को भी । कई एक सज्जन खडे होगे । वह कहेगे हम ने ससार के बहुत से स्थानो मे देखा कि को-आपरेटिव सिस्टम फेल हो गया । लोग भी अनुभव करने लगेगे कि अब इस सिस्टम को बदल देना चाहिये और नया लाना चाहिये । तब तक कही ऐसा न हो कि सरकार ही बदल जाये ।

"बुभुक्षित किं न करोति पापम् ।"

भूखा क्या पाप नही करता ?

"कष्टात् कष्ट परम् क्षुधा"

मै ने अखबारो मे पढा कि एक जगह नौकर ने किसी होटल मे से तीन रोटिया चुरा कर खा ली । इस पर मैनेजर ने उस को इतना पिटवाया कि वह हास्पिटल जा कर ही मर गया । तीन रोटियो की चोरी के लिये बेचारे की जान ही चली गई । अगर इस तरह से होता रहा तो कैसे काम चलेगा ? भूखमरी चीज ही ऐसी खराब है और आप उस को अपनी दृष्टि से ओझल नही कर सकते । यह समझना चाहिये ।

16 hrs

यह निश्चित बात है कि भ्रष्टाचार बढ रहा है । हर जगह पर बढ रहा है । ऐसा नही है कि शासन मे ही बढ रहा है, हम मे भी बढ रहा है, मै सोचता हू कि शायद मुझ को मिनिस्ट्री ही मिल जाये और जैसे दूसरे मिनिस्टर खा रहे है उस का आधा मै भी खा लू । यह शोचनीय बात आज देश में आ गई है । लेकिन हम को यह समझ लेना चाहिये कि इस भावना का निर्माण हुआ है शासन सत्ता के कारण, क्योकि शासन सत्ता मे जो लोग थे उन मे यह बल था कि वे लोग जनता को प्रभावित कर सके । कुछ भी हो, चाहे यह चीज हमे पसन्द हो या न हो लेकिन एक चीज माननी पडेगी कि कांग्रेस ने देश की स्वतन्त्रता के लिये त्याग किया, जेलो मे गये कष्ट उठाये, अंग्रेजो से लडे । जब तक उन मे त्याग की भावना थी लोगो ने उन को देवता के रूप मे देखा । अब यह लोग कुर्सियो पर बैठ कर खाने लगे तो लोगो ने भी सोचा कि आज खाने की हवा चली है, खाओ । सारे देश मे इस समय लोग खाने की तरफ लगे हुये है । जिसे देखो वह खाने की तरफ ही भागता है ।

[पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश"]

"अखंड लक्ष्मी आहे, कुणाची मार्ग पाहे।"

रास्ता कोई भी हो, किसी तरह से भी आये। मैं भी समाचार-पत्र पढता हूं, मैं देखता हूं कि मिनिस्टर साहब लोग जब ऐसा करते हैं तो हम भी करने लगे।

अभी हमारे नन्दा जी ने एक और को-आपरेटिव कम्पनी बना दी है जो जा कर ठेके लेती है। क्या हुआ कि अब कट्रेक्टर को कट्रेक्ट नही मिलता। जो आदमी ठीक ढंग से काम करने की योग्यता रखता था उस को तो सीधे काम मिलता नही है। कम्पनी को मिलता है, वह जा कर कट्रेक्टर्स को काम देती है इस तरह से काम भी ठीक नही होता और पैसा भी लोग खा जाते है। वह खुद खाती है कट्रेक्टर्स भी खाते है और उस का फल भोगना पडता है देश को क्योंकि जो कुछ निर्माण होता है वह भव्य नही होता, उच्च कोटि का नही होता। आज मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति को हम समाप्त नही कर सके। जब तक हम उस को समाप्त नही कर सकेंगे तब तक हमारा काम नही चलेगा और यह मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति एक ऐसा रोग है जो कि पार्टियो में भी उत्तरोत्तर आ रहा है। मुद्दत से यह चीज चली आ रही है। जिस तरफ भी राजनीतिक दलो की तरफ दृष्टि फैको, कोई चमकदार आदमी दिखाई नही देता, कोई नया आदमी आता नही। किसी पार्टी में कोई ऐसा आदमी नही दिखाई देता जो कि कार्य को अपने हाथ मे लेने को तैयार हों। हम बुड्ढो को तो मरना ही है उस के बाद लगेगा कि क्या किया जाय। देश के दुर्भाग्य से जितने भी बूढे है वह खलास होते जायेंगे, तो उन की जगह कौन लेगा? आज देश मे इस प्रश्न का निर्माण हो रहा है। यह भी एक भल भुलैया है कि लोग हमारे प्रधान मंत्री की तारीफ भी करते है। लेकिन कांग्रेस दल में भी एक दोष सब से बडा यह आ गया है कि आखिर जवाहरलाल जी के बाद कौन होगा, जवाहरलाल जी के बाद कौन होगा? यह क्या कोई अच्छी बात है कि पिता ऐसा हो जाय कि वह संतान को इस योग्य ही न बनावे कि उसके मरने के बाद वह उस की जगह ले सके? किसी भी ऐसे पिता को अच्छा पिता नहीं कहा जा सकता। अच्छा पिता वही है जो ऐसे चार पुत्र पैदा कर दे जो कि उस के मरने के बाद घर को आगे ले जा सकें। वह पिता किस काम कि उस के समय तो जय-जयकार हो और उस के बाद हाहाकार हो। आज जो देश में वायुमंडल बन रहा है वह कोई एक अच्छा और स्वस्थ वायुमंडल निर्मित नही हो रहा है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या हमारे देश मे कोई ऐसा नेता है जो कि देश के अन्दर यह आवाज उठाये कि अब से बारातो में ५० से ज्यादा आदमी नही ले जाये जायेंगे और क्या आपको यह उम्मीद है कि अगर ऐसी आवाज उठाई जायेगी तो क्या लोग उसको मान लेंगे? आज जैसी देश मे हवा बह रही है उसमे कोई किसी की नही सुनता। आज देश मे कितनी आर्थिक विषमता है कि एक तरफ तो दीवारो मे झाड फानूस लगे दिखाई देते हैं तो दूसरी तरफ उन गरीब मजदूरो के हाथ दिखाई देते हैं जो कि उन भैंसो के हडो को थामे हुए हैं। जहा आपको एक झोपडी में अन्धेरे मे भूख से पीड़ित एक अस्थि पंजर पडा हुआ दिखाई देगा वही दूसरी ओर आपको आलीशान कोठियो मे हो-हल्ला और लोगो के सिर पर विद्युत् प्रकाश चमकता दिखाई देगा। आखिर हमारे देश के अन्दर इतनी आर्थिक विषमता आज क्यो विद्यमान है? आज हमको अपने देश मे भ्रातृत्व का सर्वथा अभाव देखने को मिलेगा। एक ओर तो एक ग़रीब आदमी का नौजवान लडका भूख और बीमारी का शिकार होकर मर रहा होगा और आखरी दम ले रहा होगा तो दूसरी ओर एक धनी मानी व्यक्ति अपने लड़के की बारात धूमधाम से सजाये होगा और सामग्री और पैसा लुटा रहा होगा और बर्बाद

कर रहा होगा । याद रखिये कि जब तक हम अपने देश और समाज में भाईचारे, भ्रातृत्व, और आपसी सहयोग की भावना पैदा नही करेंगे हमारी कोई भी योजना सफल होने वाली नही है । आज देश की सबसे बडी आवश्यकता इस आर्थिक विषमता को दूर करने की है ।

अब मैं किस को कहू और किस को न कहू । देश मे चारों ओर एक लूट सी मची हुई है और सब चाहते है कि बहती गंगा मे हाथ धो लिया जाय । हर एक व्यक्ति की चाहे वह सरकार मे हो अथवा बाहर यह भावना रहती है कि ज्यादा से ज्यादा स्थिति मे फायदा उठाया जाय और अपना घर भर लिया जाय । अब मैं किस मुह से मत्री लोगो से कहूं कि वे अपने पेटो को ही न भरते चले जब कि मैं स्वयं भी उसी रोग मे मुब्तिला हू । अब जब कि दोनो ही ओर यह लूट खसोट और अपना अपना पेट भरने की बात चल रही हो तो फिर कौन किस को मना करे और किस मुह से करे । अब मैं तो सोचता हू कि शासन के अन्दर जो मत्री वगैरह है वे पहले इस बुरी प्रवृत्ति का त्याग करे और मत्री महोदय शायद अपनी जगह पर यह साचते होंगे कि पहले जो गवर्नमेंट मे बाहर है वे इसको बद करे तो हम भी बद कर देंगे । देश के सामने जो योजनाए है और खाद्य समस्या गम्भीर रूप धारण किये हुए है वे सब जब तक कि हम अपने बीच मे से इस बुराई को बिलकुल निकाल नही देंगे तब तक सफलता हमसे कोसो दूर रहेगी । इसके लिये हमे कोई न कोई एक निश्चित योजना बनानी पडेगी, हमे सारी स्थिति का गम्भीरतापूर्वक अध्ययन करना होगा और अपनी शिक्षा का सारा आधार बदलना पडेगा ।

उपाध्यक्ष महोदय अब माननीय सदस्य का समय खत्म हो चला है ।

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश" . उपाध्यक्ष महोदय, अन्य माननीय सदस्य तो यहा पर आध आध घटा बोले है जब कि मैं तो शायद अभी ५, ७ मिनिट ही बोला हूगा । मेरे साथ तो पार्लियामेंट मे ऐसा अन्याय नही होना चाहिये ।

उपाध्यक्ष महोदय : जो लोग आध घटा बोले है उनके पीछे काफी ब्लाक है, उनके ग्रुप काफी बडे है ।

पंडित ब्रज नारायण "ब्रजेश" : मेरे पीछे यह पूरा का पूरा हाउस है और मैं इस पूरे हाउस को ही अपना ब्लाक समझता हू ।

मैं यह निवेदन कर रहा था कि अंग्रेजो ने चूकि वे इस देश पर हुकूमत करना चाहते थे, उन्होंने अपने स्वार्थ को देखते हुए और चूकि वे एक बडी पैनी राजनैतिक दृष्टि रखते थे, उन्होंने भारतवासियो को सदा बुद्धू बनाये रखने के लिये शिक्षा पद्धति कुछ इस तरीके की रखी जिसमे कि भारतवासी शिक्षित होकर केवल क्लर्क और चपरासी बनने के ही योग्य रह सके और उनमे गुलामी की मनोवृत्ति जड जमा ले और यह सब कोई जानते है कि वे अपने इस उद्देश्य मे पूरी तरह सफल भी हुए । मुझे यह बडे दुःख और खेद के साथ इस सदन मे कहना पडता है कि उस दोषपूर्ण शिक्षा पद्धति मे आज भारत को आजाद हुए ११ साल व्यतीत हो गये, लेकिन उसमे कोई परिवर्तन नही किया गया । अब आप ही मुझे बताइये कि आज की प्रथा के मुताबिक अगर किसी विद्यार्थी को १०० नम्बर मे से ३३ नम्बर मिल जाते है तो वह पास गिना जाता है जिसका कि यह अर्थ हुआ कि वह केवल ३३ प्रतिशत अकलमद रहा बाकी ६७ प्रतिशत मूर्ख रहा । अब अगर उसको ५० प्रतिशत नम्बर प्राप्त होते है अर्थात् १०० मे से ५० नम्बर मिल जाते है तब तो वह जितना अकलमद है उतना ही मूर्ख भी हुआ और जिम्मेदारी व पद पर पहुचने पर जितना वह नुकसान करेगा उतनी ही वह आमदनी करके हिसाब पूरा कर देगा अर्थात् जितना बनायेगा उतना ही बिगाडेगा लेकिन उस ३३ नम्बर

[पंडित ब्रजेश नारायण "ब्रजेश"]

